माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पंचमी, संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-51, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

जयपुर, 14 फरवरी - 20 फरवरी 2024

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेणसंस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

या कुंदेंदु तुषार हार धवला या शुभ्र वृस्तावता।
या वीणा वर दण्ड मंडित करा या श्वेत पद्मासना।।
या ब्रह्माच्युत्त शंकरः प्रभृतिर्भि देवै सदा वन्दिता।
सा माम पातु सरस्वती भगवती निःशेष जाड्या पहा।।1।।

विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत् का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः।।

ॐ वागदैव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात्।

वाहनों की दिन में जलती और रात में बंद रहती लाइटें देती दुर्घटना को आमंत्रण!

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

यातायात पुलिस यूं तो बड़ी मुस्तैदी के साथ काम करती है। चौराहों को छोड़कर कुछ दूर खड़े रहना और किसी वाहन का लाल बत्ती पार कर या बिना हैलमेट के दोपहिया वाहन को छापामार प्रणाली से पकड़ना और फिर उससे जुर्माना वसूलना यातायात पुलिस की मुस्तैदी को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस को यातायात को व्यवस्थित कम और जुर्माना वसूलने में ज्यादा ध्यान देना पड़ रहा है। राजस्थान से बाहर कई राज्य हैं जहां लालबत्ती होने पर या और किसी भी तरह का जाम लगने की स्थिति में वाहन कतारबद्ध खड़े हो जाते हैं। जैसे ही रास्ता खुलता है, दोनों तरफ के वाहन बड़ी आसानी से निकल जाते हैं। मगर ऐसा जयपुर में नहीं है। यहां पहले जाने की होड़ में वाहनचालक टेढ़ा-बांका गलत साइड में खड़ा हो जाता है और रास्ता जाम कर देता है। वाहनचालकों में पुलिस का भय बिल्कुल भी नहीं है। इन दिनों एक नई बात और देखने में आ रही है। जयपुर में जितने भी ई-रिक्शा चल रहे हैं वे रात के समय हैड लाइट बिल्कुल भी नहीं जलाते हैं। सवारी अगर उनसे कहती है कि भैया सामने की लाइट जलाओ। जवाब मिलता है बैटरी खराब हो रही है। जबकि वे बैटरी बचाने के चक्कर में ऐसा कर रहे हैं। अमूमन ई-रिक्शा रात के समय 100 में से 90 हैडलाइट नहीं जलाते हैं और बिना लाइट जलाए सरपट दौड़ते हैं। मगर यातायात पुलिस का इस ओर ध्यान ही नहीं है। बिना लाइट के सामने से अंधेरे में अगर दूसरा ई-रिक्शा या अन्य वाहन आ रहा होता है तो दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। कई बार ई-रिक्शा दूसरे वाहन से भिड़ भी जाते हैं। गाली-गलौच और तू-तू मैं-मैं होकर बात खत्म हो जाती है। कुछ समय पहले तक वाहनों में अगर दिन में लाइट जलती दिख जाती थी तो उस वाहन का चालान हो जाता था। कई बार यातायात पुलिस अभियान चलाकर लाइट को काली पट्टी में रंगवा देती थी। मगर अब तो धड़ल्ले से दिन में वाहनों की लाइट जली रहती है। पता चला है कि अब वाहन ही ऐसे आ गए हैं जिनमें लाइट हमेशा ऑन ही रहती है। तो ऐसे वाहन आ क्यों गए। जिनसे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। कंपनी ने भी यातायात पुलिस से इस बारे में विचार-विमर्श करके ही ये लाइटें शुरू की होंगी। एक तरफ ई-रिक्शा रात को भी लाइट नहीं जलाते, तो दूसरी ओर नए वाहनों में दिन में भी लाइटें जलती है। नए वाहनों में एलईडी लाइट की रोशनी इतनी तेज और चुभन वाली आ रही है कि जिससे आंखें चुंधिया जाती है। दोनों ही स्थितियों में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसलिए यातायात पुलिस को चाहिए कि वह ई-रिक्शा चालकों को समझाए या जुर्माना लगाए, रात के समय लाइट जलनी ही चाहिए। इसी प्रकार दिन में जलने वाली वाहनों की लाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। ताकि सड़क पर चलने वाले यात्री सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुंच सके। वरना ये बेल्ट नहीं लगा रखा, ये हेलमेट नहीं लगा रखा, ये तीन सवारी क्यों बैठा रखी है और भी अन्य तरह के चालान काटने में लगे रहने से आमजनता को कोई सुरक्षा नहीं मिल रही है। जबकि यातायात पुलिस की जिम्मेदारी यातायात को सुगम बनाने की है, जो दिखाई नहीं दे रही है। संबंधित अधिकारियों को इस पर जरूर विचार करना चाहिए।

Shivdayalmishra@gmail.com

महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण एवं लोकार्पण समारोह

नकल माफिया पर कार्यवाही, युवाओं को मिलेगा न्याय

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर/भरतपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अंचलों में युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने किसान हित में तत्परता से कार्य करते हुए संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) को मूर्त रूप देने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान को पानी उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय परिसर में महाराजा सूरजमल की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के अनावरण एवं लोकार्पण के समय युवाओं से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि महाराजा सूरजमल के पराक्रम की गाथा को सदैव याद किया जाता है। उनकी प्रशासकीय क्षमता, दूरदर्शिता एवं अद्वितीय युद्ध कौशल की कला नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में पेपरलीक की घटनाओं से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। हमारी सरकार ने इन मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और इन मामलों में दोषी एक-एक व्यक्ति को सजा दिलाई जाएगी। अब तक 25 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। साथ ही, हमारी सरकार ने प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। प्रदेश को गैंगवार से मुक्त करने की दिशा में टास्कफोर्स गठित की गई है ताकि गैंग्स के सिंडिकेट को पूर्ण रूप से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिये कृत संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढना होगा, यह समय सपनों को उड़ान देने एवं जीवन को सफलता के शिखर तक ले जाने का है, सरकार युवाओं के उत्थान एवं सपने साकार करने के लिये कृत-संकल्पित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में सुविधाओं के विस्तार के हर सम्भव प्रयास करेगी। खेल क्षेत्र में युवाओं को मौका देने के लिए गांव से लेकर कस्बे तक खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। राज्य सरकार ने ओलम्पिक में भाग लेने के लिए प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को ट्रेनिग, किट, कोच सहित सभी विश्वस्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए मिशन ओलम्पिक-2028 की घोषणा की है। इसके लिए जयपुर में सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स भी स्थापित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के लिए पेयजल व सिंचाई हेतु भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार ने मात्र सवा महीने में इसमें आ रही बाधाओं को दूर कर इस परियोजना को मूर्त रूप देने का मार्ग प्रशस्त किया है, जबकि गत सरकार ने इस परियोजना को लटका कर रखा था।

यूएई के राष्ट्रपति अल नाहयान ने प्रोटोकॉल तोड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगवानी की

यूएई में भव्य मंदिर का उद्घाटन करेंगे मोदी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खाड़ी देशों की यात्रा के बीच संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे हैं। इस दौरान उनका अबू धाबी में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत किया गया। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पीएम मोदी की अगवानी की। पीएम मोदी ने इस अवसर को दोनों देशों के संबंधों में एक अद्भुत क्षण बताया। उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए यूएई के राष्ट्रपति को धन्यवाद भी दिया। पीएम मोदी बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

मैं परिवार से मिलने आया हूँ

पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान कहा, "जब भी मैं यहां आपसे मिलने आता हूं, मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। हम पिछले 7 महीनों में 5 बार मिले हैं, यह बहुत दुर्लभ है और हमारे करीबी रिश्ते को दर्शाता है। यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) मंदिर का निर्माण आपके सहयोग के बिना संभव नहीं होता...।" मोदी ने यह भी कहा कि "मेरा निमंत्रण स्वीकार करने और वाइब्रेंट गुजरात समिट के लिए मेरे गृह राज्य गुजरात आने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपने इस आयोजन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा बढ़ी है।"

मैं अपने भाई का आभारी हूँ...

अबू धाबी में पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, "मैं अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए समय निकालने के लिए अपने भाई महामहिम मोहम्मद बिन जायद का बहुत आभारी हूं।" उन्होंने कहा, "मैं एक सार्थक यात्रा की आशा करता हूं जो भारत और यूएई के बीच दोस्ती को मजबूत करेगी।" इस दौरान भारत और यूएई ने पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया।

जागरूक खबरें

दो स्टेप में राजस्थान पुलिस तक पहुंचाए अपनी शिकायत

जयपुर @ जागरूक जनता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की अपराध के प्रति जीरो–टॉलेरेंस नीति के अनुसरण में राजस्थान पुलिस ने आमजन के लिए डिजिटल माध्यम के जरिए कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतें हल करने के लिए सुविधा शुरू की है। इसके तहत एक्स (ट्विटर) पर मात्र दो स्टेप में कानून व्यवस्था से संबंधित अपनी शिकायत राजस्थान पुलिस तक पहुंचाई जा सकती है। राज्य सरकार और राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स से इस सुविधा का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। यदि आमजन की कानून व्यवस्था के संबंध में कोई भी शिकायत है तो इसके लिए पहले स्टेप में एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर जाना होगा और यदि अकाउंट नहीं है तो उसे क्रिएट करना होगा। दूसरी स्टेप में अपनी शिकायत लिख कर उसमें @RajPoliceHelp टैग कर ट्वीट करना होगा। इस तरह प्राप्त हुई शिकायतों को त्वरित रूप से संबंधित पुलिस कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा और आमजन की समस्याओं की पुलिस तक शीघ्र पहुंच संभव हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि दो स्टेप में राजस्थान पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचाने की इस मुहिम का राज्य सरकार के सोशल मीडिया हैंडल्स पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इस जनकल्याणकारी सुविधा का बड़ी संख्या में आमजन उपयोग भी करने लगे हैं।

पेंसिल से उकेरी राम प्रतिमा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जय श्रीराम, ये पेंटिंग भेजी है मध्यप्रदेश के रतलाम शहर से डिम्पल सोनी ने। डिपंल गृहणी होते हुए भी प्रोफेशनल तरीके से चित्रों को उकरेती है। इनकी बनाई कई पेंटिंग कई संदेश भी देती है। अभी हाल में इन्होंने श्रीराम की मूर्ति का चित्र उकेरा है।

अब मांस बेचने वालों को मंत्री मदन दिलावर की दो टूक

मांस बेचने के लिए स्थानीय लोगों से लेनी होगी एनओसी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अपने बेबाक अंदाज़ और आक्रामक बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। इसी क्रम में अब दिलावर ने खुले में मांस बेचने वालों पर सख्त रुख दिखाते हुए एक लेटेस्ट बयान दिया है। उनके इस बयान के वीडियो का एक अंश सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ ही चर्चा का विषय बना हुआ है।

मीडिया से बातचीत करते हुए दिलावर एक सवाल का जवाब देते हुए कहते हैं, ''किसी बात के अगर नियम बनाए गए हैं, तो उनकी पालना भी करनी होगी। विशेषकर मांस की दुकान वालों को फूड लाइसेंस लेना होगा और वो जितने भी जीवित पशु को काटकर बेचेगा उस हर पशु का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र पशु चिकित्सक से उसे लेना होगा।''

मंत्री ने कहा, ''अगर कोई मांस विक्रेता एक दिन में 10 पशु काटता है, तो उसे 10 पशु का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा वो मंदिरों के नजदीक मांस नहीं काट सकता।''

जनता से लेनी होगी एनओसी

मंत्री आगे कहते हैं, ''अगर मंदिर के आसपास मांस बेचा जाना है तो, दुकानदार को वहां के स्थानीय लोगों से एनओसी लेना होगा। जनता अगर उसे एनओसी नहीं देती है तो वो ऐसा नहीं कर सकेगा।''

'नए नहीं, पहले से हैं नियम'

दिलावर अपनी बात रखते हुए कहते हैं, ''ये कोई नया नियम नहीं है जिसे हम लागू कर रहे हैं, बल्कि ये नियम तो पहले से ही बने हुए हैं। इसलिए अगर इन नियमों की पालन नहीं होती है, तो हम कहीं भी खुले में जानवर काटकर बेचने की अनुमति नहीं दे सकते।''

आध्यात्मिक नगरी के रूप में उभरे जयपुर का पर्यटन क्षेत्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज ने देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम के बीते दिनों मुलाकात की। विधायक बालमुकुन्दाचार्य जी ने मंत्री जोराराम से प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के संरक्षण और उनके रखरखाव के लिए विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि राजधानी जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में अध्यात्म और पर्यटन डवलप हो सके, इसके लिए उन्होंने मंत्री महोदय से निवेदन किया। उनका कहना है कि इस कार्य के लिए एक योजना बनाकर कार्य किया जाए। प्राचीन मंदिर हमारी संस्कृति की धरोहर है। यहां की स्थापत्य कला, वास्तुकला का प्रचार-प्रसार करके राजधानी जयपुर को आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। देवस्थान मंत्री कुमावत ने विधायक बालमुकुन्दाचार्य को आश्वासन दिया है कि इस पर जल्द ही क्रियान्विति की जाएगी।

गहलोत की सुनने वाला कोई नहीं-बालमुकुंद आचार्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मोदी सरकार की ओर से भारत रत्न पुरस्कार की घोषणा के बाद कांग्रेस और बीजेपी में बयान बाजी जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भारत रत्न पुरस्कार को लेकर बड़े सवाल खड़े किए गए। इसको लेकर राजधानी जयपुर के हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने गहलोत को पलटवार जवाब दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस भारत रत्न अपने ही प्रधानमंत्री को दिया करती थी। तब तो गहलोत ने कोई सवाल नहीं उठाया। लेकिन आज देश के विकास के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों को भारत रत्न दिया जा रहा है तो, गहलोत को तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि गहलोत की यह तकलीफ इसलिए भी ज्यादा बढ़ जाती है। क्योंकि उनकी पार्टी में उनको सुनने वाला कोई नहीं है। गहलोत की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुद को कौरव बताते हैं और भारतीय जनता पार्टी को पांडव कहते हैं। अब ऐसे में अशोक गहलोत आलोचना करें तो किसकी करें, शिकायत करें तो किसकी करें। यह मजबूरी है अशोक गहलोत की। इस कारण से गहलोत इस तरीके के बयान देते हैं।

भारत रत्न को लेकर ये कहा था अशोक गहलोत ने

अशोक गहलोत ने अपने ट्वीटर हैंडल पर लिखा कि भारत सरकार द्वारा पांच विभूतियों को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं। इन विभूतियों के लिए हमारे दिल में अथाह सम्मान है एवं देश के लिए इनका योगदान अतुलनीय है। गहलोत ने आगे लिखा कि हालांकि ऐसा लगता है कि एक वर्ष में अधिकतम तीन भारत रत्न देने के नियम को तोड़कर आनन-फानन में भारत रत्न देकर इस सम्मान का चुनावीकरण एवं राजनीतिकरण किया गया है एवं सम्मान की गरिमा कम की गई है। मुझे नहीं लगता है कि इन निर्णयों से एनडीए को बहुत बड़ा लाभ मिल सकेगा।

रंगीलो भारत भारत सीजन 3 द टेस्ट ऑफ़ इंडिया कार्यक्रम आयोजित

स्वाद की दुनिया में मशहूर श्याम मसाले ने बांटे पुरस्कार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। ड्रीम अचीवर्स क्लब सदेव ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयासरत रहता हैं और अपने इसी उद्देश्य को लेकर इस क्लब के तत्वाधान में जयपुर नगरी के घाट गेट स्थित अग्रवाल पीजी कॉलेज में एक कुकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मोटिव महिला शेफ को आगे लाना, उन्हें रोजगार के अवसर दिलवाना और भारत में प्रचलित विविध पाक कला को एक मंच पर प्रदर्शित करना है। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अलग-अलग डिशेज बनाकर खाना पकाने का कौशल दिखाया। श्याम मसालें की ओर से सभी प्रतिभागियों और जजों, विशेष अतिथि को उपहार हैम्पर्स दिए गए। कार्यक्रम के दौरान श्याम मसाले के एमडी रामावतार अग्रवाल, ममता अग्रवाल एवं सेल्स डायरेक्टर विट्ठल अग्रवाल उपस्थित रहे।

रावत पब्लिक स्कूल में खट्टी यादों का "मैश अप"

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में कक्षा बारह के विद्यार्थियो के लिए विशाल रंगारंग कार्यक्रम "मैश अप" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्यारहवीं और बारहवीं क्लास के विद्यार्थियो ने टीचर्स को डेडिकेट करते हुए अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का आरंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मिस्टर रावत मिस रावत प्रतियोगिता में वंश भटनागर मिस्टर रावत और मिस रावत नेहा मीना.चुनी गई। प्रतियोगिता में कई चरणों को क्लियर करने के बाद ये tag दिए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को मिस्टर मिस चार्मिंग, फोटोजेनिक, स्टाइलिश, मिस्टर फेयरवेल मिस फेयरवेल अवार्ड भी दिए गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड चंद्र प्रकाश वर्मा को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियो को गीता,बेस्ट विशेस कार्ड और ग्रुप फोटो दिए गए। विद्यार्थियो द्वारा शिक्षकों को गिफ्ट भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियो को मोटिवेट करते हुए समय के महत्व के बारे में बताया और उन्हें परीक्षा के लिए आशीर्वचन दिया। रावत ने बच्चों को स्कूल जीवन एवम मैश अप में बिताए हुए पलों को जीवन की एक सुनहरी याद के रूप में संजोए रखने के लिए कहा। विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने विद्यार्थियो को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

अभिनेत्री अमृता राव ने कीये श्रील प्राभुपाद के दर्शन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर पधारी, जहां उन्होंने भगवान् श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद लिया। राव ने अध्यात्मिक गुरु और हरे कृष्ण मूवमेंट के फाउंडर श्रील प्रभू पाद के दर्शन किये और साथ ही अक्षय पात्र रसोई के बारे में भी विस्तार से जाना। अक्षय पात्र रसोई में रोज़ एक लाख बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है जिसे जानकर वो काफी प्रभावित हुई और इस बेहतरीन समाज सेवा के लिए अक्षय पात्र को बहुत शुभकामनाएं दी।अमृता ने हरे कृष्ण कल्चर सेन्टर के बारे में जाना जो की राजस्थान का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र होने वाला है, जिसमे समाज को भारतीय परंपरा और संस्कृति से जोड़ा जाएगा। मंदिर की वास्तुकला आधुनिक और पारंपरिक राजस्थानी वास्तुकला का मिश्रण होगी जिसमे राजस्थान के कई पारंपरिक मंदिरों और ऐतिहासिक स्मारकों में पाए जाने वाले वास्तुशिल्प तत्व होंगे। मन्दिर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरुप दास ने प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री को हरे कृष्ण मूवमेंट के सबसे बड़े कल्चरल फेस्ट हेरिटेज फेस्ट और गीता कांटेस्ट के बारे में बताया जसे जानकर अमृता बहुत उत्साहित हुई उन्होंने सभी को खासकर बच्चो और युवाओं से हेरिटेज फेस्ट और गीता कांटेस्ट में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने हिंगोनिया गौशाला का भी अवलोकन किया जहां पर 16000 गायों की देखभाल की जाती है।

श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर के उपाध्यक्ष श्री राधा प्रिय दास ने बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव का कृष्ण बलराम की प्रतिमा देकर स्वागत किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य और सफलता के लिए उन्हें बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

जेईई मेंस सेशन-1 का रिजल्ट जारी

जयपुर @ जागरूक जनता। NTA ने इंजिनियरिंग परीक्षा जेईई मेंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। कई स्टूडेंटस को परीक्षा में 100 परसेंटाइल मिले हैं। कई स्टूडेंट्स को 300 में से 300 का परफेक्ट स्कोर मिला है। इस साल 12 लाख 31 हजार छात्रों ने परीक्षा दी थी। रिजल्ट के साथ ही रैंक और टॉपर्स की लिस्ट भी जारी की गई है। जो स्टूडेंट जेईई मेन का पेपर पास करते लेते हैं उन्हें जेईई एडवांस में मिलने का मौका मिलता है।

ANCHOR | मौसम परिवर्तन

खांसी का प्रकोप, रोज आ रहे करीब 700 मरीज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में लोग मौसम में अचानक परिवर्तन के बाद मौसमी बीमारियों के साथ रहस्यमयी खांसी की चपेट में आना शुरू हो गए है अब तक मिले मरीजों को पहले बुखार, जुकाम और गले में खराश होने के बाद तेज खांसी शुरू हो जाती है। इसका असर इतना ज्यादा बढ़ गया है कि इसको ठीक होने में 1 महीने का समय भी लग रहा है। तेज खांसी के कारण मरीजों को सीने में दर्द भी होता है तो, वहीं कुछ को खांसने के दौरान उल्टियां भी होने लगी है।

खांसी कि अभी तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है

डॉक्टर ने बताया कि आमतौर पर सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी का सीजन आने पर मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों में ज्यादातर मामले H3N2 और उससे मिलते अपर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (RI), एडिनोवायरस, पैरा इन्फ्लूएंजा वायरस के होते हैं। अब जो मरीज मिल रहे हैं, उनमें इस तरह के वायरस डिटेक्ट नहीं हो रहे हैं।

अन्य वायरस की रिपोर्ट भी नेगेटिव

डॉक्टर ने बताया कि मरीजों की कोविड समेत दूसरे कॉमन वायरस की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर इन कॉमन वायरस के केस में मरीज को एक से डेढ़ हफ्ते का समय ठीक होने में लगता है। अब जो केस आ रहे हैं, उसमें खांसी इतनी जबरदस्त है कि मरीजों की पसलियां और छाती में दर्द शुरू होने के साथ खांसते-खांसते उल्टियां आने लगती है।

इस समय मौसमी बीमारियां जैसे खांसी, जुकाम, बुखार, बदनदर्द जैसी समस्याएं सामने आ रही है। इस समय खान-पान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। घर और आसपास की सफाई का ध्यान रखें। उत्तम पोषण वाला आहार लें और हमेशा स्वच्छ और पर्याप्त पानी पिएं। गर्म कपड़े पहनें और नियमित इंटरवल में हाथ धोएं। नियमित व्यायाम करें। प्राकृतिक औषधियाँ जैसे कि तुलसी, गिलोय, गर्म पानी, और हल्दी का उपयोग करें। अगर कोई बीमारी हो, तो चिकित्सक की सलाह और उपचार का पालन करें।

डॉ. किरण शर्मा, बीएएमएस, एमडी, एनआईए, जयपुर

आजकल के प्रदुषण भरे जीवन और हमारी बिगड़ी हुई जीवन शैली के कारन कई तरह के व्याधि हमारे शारीर में उत्पन हो रही है। जिसका मुख्या कारण इम्युनिटी का कमज़ोर होना है। बचाव हेतु सुनथी को पानी में उबाल कर लें। नमक एवं हल्दी के पानी से गरारे करे। इसके साथ नासिका की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए घर से बहार निकलते समय नासिका में 2 बूँद सरसों का तेल डाल के निकले।

- डॉ. पुनीत चतुर्वेदी, एनआईए

उदयपुर में 2500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया, राजधानी जयपुर के लिए 2 बड़ी सौगातें

जयपुर-दिल्ली के बीच चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, रिंग रोड का काम भी होगा पूरा

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने उदयपुर में 2500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण शिलान्यास किया। उन्होंने जयपुर को 2 बड़ी सौगातें दीं। अब राजधानी की सड़कों पर जल्द रेल की तरह ही इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। ये बसें जयपुर से दिल्ली से बीच चलेंगी। इसके साथ ही गडकरी ने जयपुर रिंगरोड के द्वितीय चरण के लिए 5 हजार करोड़ की मंजूरी देने की घोषणा भी कर दी। रिंग रोड परियोजना के तहत 92 किमी के 6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे का काम 3 महीने में शुरू किया जाएगा।

प्लेन जैसी सुविधाएं होंगी इन बसों में

केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि सड़क के ऊपर रेलवे ट्रैक की तरह बिजली की केबल बिछाई जाएगी। इसके बाद कोच की तरह तीन बसों को जोड़कर इस इलेक्ट्रिक बस को चलाया जाएगा। इस बस में प्लेन जैसी सुविधाएं होंगी। बिजनेस क्लास जैसी कैटेगरी रहेगी और साथ में चाय-नाश्ता भी मिलेगा। इसका किराया सड़कों पर दौड़ने वाली डीजल बसों की तुलना में 30 प्रतिशत कम रहेगा। खास बात है कि इसकी शुरुआत जल्द ही जयपुर से की जाएगी।

चेकोस्लोवाकिया के प्राग से आइडिया

गडकरी ने कहा कि वे कुछ समय पहले चेकोस्लोवाकिया के प्राग शहर गए थे। वहां सड़क के ऊपर केबल थी, जिस पर इलेक्ट्रिक बस चल रही थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को जयपुर से जोड़ा जा रहा है। इसे इलेक्ट्रिक हाईवे के तौर पर बनाया जाएगा।

जयपुर-बांदीकुई फोर लेन नवंबर तक

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने जयपुर से बांदीकुई के बीच बन रहे फोर लेन के काम को नवंबर तक पूरा करने का दावा किया। गडकरी ने कहा कि बांदीकुई से जयपुर तक हम 1370 करोड़ रुपए की लागत से 67 किलोमीटर फोर लेन बना रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नवंबर 2024 तक इसका काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद दिल्ली से जयपुर दो घंटे में पहुंचना और भी आसान हो जाएगा।

सीएम बोले- जो मांगा वह मिला

सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा कि उदयपुर शक्ति और भक्ति की भी नगरी है। पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है और राजस्थान का कश्मीर बोलते हैं। इस क्षेत्र में बहुत काम किया है, जिससे यहां और पर्यटक बढ़ेंगे। राजस्थान में 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपने जो काम किए हैं, वह ऐतिहासिक है। जो भी हमने मांगा गडकरी ने दिल खोलकर दिया है।

बसंत पंचमी : अबूझ सावे पर शहर में होंगी 3500 शादियां

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मांगलिक और शुभ कार्यों के लिए स्वयं सिद्ध अबूझ सावा मुहूर्त बसंत पंचमी पर शहर में करीब 3500 शादियां होंगी। इसके अलावा मां सरस्वती की पूजा के साथ ही विद्यारंभ, यज्ञोपवीत संस्कार, सभी स्कूलों में माँ सरस्वती पूजा तथा विभिन्न अनुष्ठान होंगे।

सीताबाड़ी में करीब साढ़े छह फीट बड़ी सरस्वती की मूर्ति का निर्माण बंगाल के कारीगर कर रहे हैं। मूर्ति में बंगाल, बिहार और दौसा से लायी मिट्टी मिलाई गई है। जयपुर में विभिन्न समाजों की ओर से बसंत महोत्सव मनाया जाएगा। विवाह के अबूझ मुहूर्त के चलते जयपुर शहर में 3500 से अधिक शादियों के साथ ही सामूहिक विवाह भी होंगे। बसंत पंचमी पर होने वाली शादियों के लिए चारदीवारी समेत अन्य बाजारों में खरीदारी परवान पर रही। इसके साथ ही पूरे शहर में पीले कपड़े की धूम मची हुई है।

3 राज्यों की मिट्टी से बनी मां सरस्वती की मूर्ति

मैथिली महिला मंच की ओर से टोंक रोड सीताबाड़ी स्थित राम मंदिर तथा राजस्थान मैथिल परिषद् की ओर से मालवीय नगर स्थित छत्रसाल नगर में मां सरस्वती की विशेष पूजा की जाएगी। मंच की अध्यक्ष बबीता झा ने बताया कि सीताबाड़ी में बंगाल के कारीगरों ने बंगाल, बिहार और दौसा से लाई मिट्टी से मां सरस्वती की साढ़े छह फीट ऊंची प्रतिमा तैयार की है। कोषाध्यक्ष अंजू ठाकुर ने बताया कि सुबह 11 बजे मां सरस्वती का श्रृंगार किया जाएगा। श्रृंगार का सामान भी बंगाल से मंगाया है।

जयपुर शहर में 3500 से अधिक शादियां

ऑल वेंडिंग इंडस्ट्रीज फेडरेशन राजस्थान के महामंत्री भवानीशंकर माली ने बताया कि जयपुर शहर में 3500 से अधिक शादियां होगी। नगर निगम के क्षेत्र में एक हजार गार्डन में से 90 फीसदी गार्डन बुक हैं। लगभग 400 करोड़ रुपए का लेनदेन होगा। इसमें ज्वैलरी से लेकर वाहन और अन्य खर्च भी शामिल है। इससे शादी के कारोबार से जुड़े छोटे-बड़े तबके को बड़ी राहत मिलेगी।

सशक्त आंगनबाड़ी बनाने के लिए अधिकारी गंभीरता से करें काम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों के उपनिदेशक कार्यालयों, सीडीपीओ कार्यालयों और आंगनबाड़ियों का नियमित रूप से निरिक्षण कर रिपोर्ट करें। उन्होंने आंगनबाड़ियों को सशक्त आंगनबाड़ी बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालयों में कर्मचारी व अधिकारियों का कार्यालय समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव ने निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ.पी. बुनकर की उपस्थिति में मंगलवार को जयपुर स्थित मुख्यालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने के निर्देश दिए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और पट्टों की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

सीएम भजनलाल ने किया मूर्ति अनावरण, गांव में खुलेगी PHC

पुलवामा शहीद रोहिताश्व लांबा को सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जयपुर के शाहपुरा दौरे पर रहे जहां उन्होंने गोविंदपुरा गांव में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान रोहिताश्व लाम्बा की मूर्ति का अनावरण किया। वहीं सीएम ने शहीद रोहिताश्व लाम्बा को नमन करते हुए कहा कि 'शहीद के अनावरण में आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है जिसके लिए सभी आयोजकों को मैं धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि 'शहीद की कोई कीमत नहीं, शहीद तो शहीद होता है उसे हर हाल में सम्मान मिलना चाहिए। वहीं इस दौरान सीएम ने लाम्बा के गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की भी घोषणा की। वहीं शाहपुरा दौरे पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अन्य कई वीरांगनाओं का भी सम्मान किया जिनमें मधुबाला मीणा, सुंदरी देवी गुर्जर, कृष्णा देवी, कमलेश देवी, हरितवाल, उर्मिला देवी, नमिता देवी, प्रियंका देवी, बीना देवी, ऋतु देवी, प्रतिभा देवी उन्नाव सरोज मीणा समेत अन्य क्षेत्रों से आई वीरांगनाएं शामिल थी। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि लाम्बा के गांव में अब एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। इसके अलावा सड़क 400 मीटर नहीं 500 मीटर बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में कहा भारत विश्व गुरु बनेगा और PM मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु की सीढ़ी पर चढ़ रहा है।

पीएचडी करने वाली 3 नर्स नहीं लगा सकेंगी नाम के आगे डॉक्टर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तीन नर्सों को पीएचडी पूरी करने के बाद अपने नाम के साथ डॉक्टर की उपाधि का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। स्वास्थ्य विभाग में तैनात नर्सों ने महकमे को एक प्रस्ताव भेजा था कि उन्हें पीएचडी पूरी करने के बाद अपने नाम के साथ डॉक्टर लगाने की अनुमति दी जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (अराजपत्रित) सुरेश नवल ने नौ फरवरी को पत्र जारी कर कहा कि तीन नर्सों ने निदेशालय को प्रस्ताव भेजकर अपने नाम के साथ

डॉक्टर की उपाधि लगाने की अनुमति मांगी, लेकिन इस शीर्षक का उपयोग करने के लिए प्रशासनिक विभाग की ओर से अनुमति नहीं दी गई। हालांकि पत्र में नर्सों को इस उपाधि का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने का कारण या आधार नहीं बताया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए अनुमति देने से लोगों में भ्रम पैदा होगा और शायद वे मेडिकल डॉक्टर या पीएचडी धारक के बीच अंतर नहीं कर पाएं।

क्या कहते हैं नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल

कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल जोगेंद्र शर्मा कहते हैं कि नर्सें नर्सिंग में पीएचडी पूरी करने के बाद उपाधि के रूप में 'डॉ.' का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन सरकारी क्षेत्र में यह आसान नहीं है। यह पूरा नाम बदलने जैसा है। उन्होंने कहा-इसमें प्रक्रिया का पालन किया जाता है और इसे केवल राजपत्र मानदंडों के माध्यम से बदला जाता है।

फैसले से नर्सिंगकर्मी हतोत्साहित

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस आदेश ने उन नर्सिंग स्टाफ को हतोत्साहित कर दिया है, जो अपने क्षेत्र में शोध के लिए जाते हैं। इससे अंततः मरीजों को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि हम शासन में उच्च अधिकारियों के पास जाएं गे। पीएचडी कर चुके लोग अपने नाम के साथ डॉक्टर की उपाधि का उपयोग करना चाहते हैं। इसके लिए दस्तावेज में बदलाव की आवश्यकता है और उस प्रक्रि या का पालन करने के लिए सरकार की अनुमति आवश्यक है जिसे अस्वीकार कर दिया गया है।

हम सभी ने ये ठाना है कुष्ठ रोग को मिटाना है

जयपुर @ जागरूक जनता। जी एल सैनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और अग्रणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पैरामेडिकल साइंस के तत्वाधान में में कुष्ठ रोग पखवाड़ा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पत्रकार कॉलोनी (पीएचसी) शहरी विकास एवं प्राथमिक उपचार केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परमं धनम्) में नुक्कड़ नाटक थीम "कुष्ठ रोग को हराएं" प्रस्तुत किया। इस बीमारी से जुड़े कलंक से निपटने और इसके उपचार के और बचाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हमारे बीच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर आदित्य, समस्त स्टाफ,भी मोजूद रहे एवं रैली के माध्यम से गली गली जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंसिपल डॉ. हितेश गौतम ने वहा उपस्थित लोगों को इस बीमारी के बारे के बचाव और इलाज के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम कल

जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम

जयपुर @ जागरूक जनता। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 15 फरवरी को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव भी भाग लेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

मुस्लिम संगठनों ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

सूर्य नमस्कार के खिलाफ सुनवाई आज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान के स्कूलों में सूर्य नमस्कार को अनिवार्य कर दिया है। इसे लेकर मुस्लिम संगठनों में भारी नाराजगी है। इसलिए मुस्लिम संगठनों ने सूर्य नमस्कार के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई आज 14 फरवरी को करेगा। राजस्थान के करीब-करीब सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार अनिवार्य कर दिया गया है। जिसकी वजह से मुस्लिम संगठनों में नाराजगी है। सोमवार को जमियत उलेमा हिन्द संगठन की राज्य कार्यकारिणी ने बैठक कर मुस्लिम समाज से अपील की है कि सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का बहिष्कार किया जाए। इसके साथ ही जमीयत उलेमा ए हिंद सहित अन्य मुस्लिम संगठनों ने राजस्थान हाई कोर्ट में एक संयुक्त याचिका दायर कर 15 फरवरी के कार्यक्रम को रद्द करने और स्कूलों में सूर्य नमस्कार को अनिवार्य करने के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। अब इस याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट बुधवार 14 फरवरी को सुनवाई करेगा।

सूर्य नमस्कार अनिवार्य, भजनलाल सरकार का आदेश

भजनलाल सरकार ने 15 फरवरी से पूरे राजस्थान के स्कूलों में सूर्य नमस्कार अनिवार्य कर दिया है। साथ ही चेताया है कि ऐसा नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

धार्मिक मामलों में अनुचित हस्तक्षेप- जमीयत उलेमा ए हिंद

भजनलाल सरकार का यह फैसला मुस्लिम संगठनों के गले नहीं उतर रहा है। सोमवार को जमीयत उलेमा ए हिंद राजस्थान की राज्य कार्यसमिति की बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया गया। जिसमें कहा गया कि यह धार्मिक मामलों में अनुचित हस्तक्षेप और संविधान में निहित धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

सूर्य नमस्कार का बहिष्कार करें

जमीयत उलमा राजस्थान के महासचिव मौलाना अब्दुल वाहिद खत्री ने एक प्रस्ताव पेश कर मुस्लिम समुदाय से 15 फरवरी 2024 को सूर्य सप्तमी पर अपने बच्चों को स्कूल भेजने से परहेज करने और अनिवार्य कार्यक्रम का बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

कोई मुस्लिम बच्चा स्कूल न जाए

सूर्य नमस्कार के प्रस्ताव पर जमीयत उलमा ए राजस्थान के महासचिव मौलाना अब्दुल वाहिद खत्री ने कहा कि राजस्थान के सभी मस्जिदों में ऐलान करवाए कि 15 फरवरी को कोई भी मुस्लिम बच्चा स्कूल न जाए। सरकार बदली है, इसलिए छेड़खानी करने के लिए इस तरह का आदेश लाया गया। इलेक्शन जीतने के लिए और हिंदू-मुसलमान करने के लिए यह हरकत की गई है।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner, AdWords, Analytics, Marketing Partner, Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

सम्पादकीय

चुनाव से पहले बिखराव

भाजपा को रोकने के लिए देशभर के कई विपक्षी दलों ने मिलकर I.N.D.I.A गठबंधन बनाया। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले ही विपक्षी गठबंधन बिखरता दिख रही है। कांग्रेस अभी तक अन्य दलों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा नहीं कर पाई है। विपक्षी दलों का मंच I.N.D.I.A. पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है। अनिश्चितता और असमंजस तभी से दिखने लगे जब 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सीट बंटवारे की बातचीत एकतरफा ढंग से स्थगित कर दी गई। इसके पीछे यह दलील जरूर रही कि गठबंधन तो लोकसभा चुनावों के लिए प्रस्तावित था, सो विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने में कोई बुराई नहीं। लेकिन माना यही गया कि कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा चुनावों के बेहतर नतीजों के आधार पर सीट बंटवारे की सौदेबाजी में अपना हाथ ऊपर रखना चाहता था। यह अलग बात है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं आए। लेकिन कांग्रेस के इस रुख ने गठबंधन के कई घटक दलों को यह शिकायत करने का अपेक्षाकृत ठोस आधार दे दिया कि पार्टी अलायंस को लेकर गंभीर नहीं है। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी NCP में पड़ी फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर BJP और NDA ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले RLD नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया। निश्चित रूप से इन सबके पीछे NDA की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन I.N.D.I.A. खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय NDA की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता। इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। जिन दलों ने अभी तक I.N.D.I.A. से नाता तोड़ने की घोषणा नहीं की है, उनमें भी किसी तरह का सामंजस्य नहीं दिख रहा। कभी तृणमूल नेता ममता बनर्जी कांग्रेस को अपने बूते 40 सीटें जीतने की चुनौती देती नजर आती हैं तो कभी AAP नेता पंजाब और दिल्ली की सभी सीटें जीतने का दावा कर देते हैं। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से I.N.D.I.A. के अब भी बने रहने की बीच-बीच में होने वाली औपचारिक घोषणाओं को छोड़ दें तो ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे कि सचमुच जमीन पर इसे बनाए रखने की कोई कोशिश हो रही है। ऐसे दौर में जब खुद विपक्ष लोकतंत्र को खतरे में बता रहा है, विपक्षी गठबंधन को लेकर इन दलों का रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है।

कांग्रेस अभी तक अन्य दलों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा नहीं कर पाई है। विपक्षी दलों का मंच I.N.D.I.A. पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है।

जो मनुष्य अपने को सर्वशक्तिमान समझ रहा था, वह इन दिनों एक-एक दिन की जान की भीख मांग रहा है और ये पेड़, ये पौधे, ये पंछी, ये पहाड़, ये नदियां सब जस के तस हैं। इनके होने से ही मनुष्य आज खुद को एक सीमा में खुद को सुरक्षित पा रहा है।

किसकी धरती

क्षमा शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सवेरे-सवेरे खिड़की पर पंछियों के लिए दाना रख रही थी कि नजर बेलपत्र के पेड़ पर पड़ी। उस पर पत्ते बहुत कम थे, मगर सैकड़ों फल थे। कुछ पीले भी थे, यानी कि वे पक गए होंगे। एक कबूतर और दो तोते बिल्कुल शांत भाव से ऋषियों की तरह बैठे दिखाई दिए। क्या करें, बेल के कठोर छिलके को चोंच से भेद भी नहीं सकते, लेकिन जिस पार्क में ये दोनों लगे हैं, वहां दूर-दूर तक कोई नहीं दिखता। बेल के पेड़ से हट कर चम्पा पर नजर पड़ी। हल्के पीले और लाल छींटेदार फूलों के इतने गुच्छे। तैयारशुदा बुके, यानी गुलदस्ता। लेकिन गुलदस्ता भी किसके लिए! इन दिनों न कोई उत्सव, न मेल-मिलाप, न किसी त्योहार को मनाने की ललक। याद आने लगे वे सामान्य दिन, जब मौके-बेमौके लोग एक दूसरे से मुलाकात की औपचारिकता में संवेदना की सांस भरने के लिए फूलों का गुलदस्ता बतौर भेंट देते थे। अब भी देने की इच्छा रखते होंगे, लेकिन अब शायद गुलदस्ते के सहारे संवाद या फिर संबंध में सुगंध भरने के दिनों का इंतजार किया जा रहा होगा।

खैर, कुछ देर बाद दूसरी तरफ बालकनी की खिड़की खोल कर कपड़े सुखाने लगी, तो फूलों से लदा गुलमोहर और अमलतास दिखाई दिया। चटख लाल और वसंती रंग के ढेर सारे फूल। आजकल के इस उदास मौसम में जैसे पेड़ों की यह उत्फुल्लता ही सहारा है। वरना तो सवेरे से शाम तक सिर्फ नकारात्मक खबरें ही सुनाई देती हैं। कितने मित्र-परिचित साथ छोड़ गए। हर रात डर में बीतती है और हर सुबह इस आशंका से शुरू होती है कि पता नहीं, आज क्या हो। मनुष्य जो अपने को दुनिया का मालिक समझने का भ्रम पाले था, उसे एक विषाणु ने ठिकाने लगा दिया है।

दूसरी तरफ ये पेड़, जिन्हें हम कुछ नहीं समझते हैं, जब चाहे काट कर, जड़ों में तेजाब डाल कर नेस्तनाबूद कर देते हैं, वे इस मुसीबत के समय भी वैसे ही मुस्करा रहे हैं, जैसे पहले मुस्कराते थे। आखिर महामारी का कोई असर इन पर क्यों नहीं पड़ा? ऐसा क्यों नहीं हुआ कि जैसे साल भर से हम मुरझाए दिख रहे हैं, ये भी वैसे ही उदास दिखते। इन पर भी फूल न लगते। ये भी मनुष्य की तरह डॉक्टरों और अस्पतालों की तरफ भागते।

लेकिन प्रकृति का नियम तो देखिए। जो मनुष्य अपने को सर्वशक्तिमान समझ रहा था, वह इन दिनों एक-एक दिन की जान की भीख मांग रहा है और ये पेड़, ये पौधे, ये पंछी, ये पहाड़, ये नदियां सब जस के तस हैं। इनके होने से ही मनुष्य आज खुद को एक सीमा में खुद को सुरक्षित पा रहा है। वरना जिस रफ्तार से पेड़-पौधों को काटने या जंगलों को खत्म करने की प्रक्रिया चल रही है, उसमें आने वाले दिनों की बस कल्पना की जा सकती है। आज समूची दुनिया ऑक्सीजन की चुनौती का सामना कर रही है। सवाल है कि वह जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उपलब्धता कैसे और कहां से होती है!

जिस कॉरपोरेट ने अपने-अपने उत्पाद बेचने के लिए तरह-तरह के मुहावरे गढ़े थे, आपका 'स्टाइल स्टेटमेंट', आपका 'एटीट्यूड', जीने के अपने-अपने तौर-तरीके, वे सब देखते-देखते धराशाई हो गए हैं। हम अक्सर मनुष्य के संदर्भ में प्रकृति की विनाश लीला की बातें करते हैं। लेकिन अगर पेड़, पहाड़, नदियां, पशु-पक्षी बता सकते तो कहानियां न जाने कितनी डरावनी होतीं कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों के लिए प्रकृति के इन उपादानों का कितना सर्वनाश किया है। मनुष्यवादी सोच न केवल इस धरती, बल्कि अंतरिक्ष तक को अपनी जागीर समझता है।

यह दुनिया मनुष्य से इतर किसी दूसरे के लिए भी हो सकती है, इसे स्वीकार ही नहीं करता। आखिर किस ने लिख कर दिया कि धरती पर सौ फीसदी हक सिर्फ मनुष्यों का है, बाकी और कोई प्रजाति जीने के लायक ही नहीं। स्वार्थ के रथ पर सवार समूची धरती पर कब्जे की जिस प्रवृत्ति में वह जी रहा है, क्या इस तरह उसका खुद का जीवन सुरक्षित रह पाएगा? क्या मनुष्य को इस बात का अहसास आज भी नहीं हो पा रहा है, जब अपनी इसी प्रवृत्ति की वजह से उसका अस्तित्व खतरे में है? स्वार्थ से भरे इसी सोच का परिणाम है कि मनुष्य अपनी दुनिया में सिमटता हुआ कैद में अपने जीवन के सामने भी कई तरह की चुनौतियां देख रहा है। पेड़ इसलिए चाहिए कि वे जीवन के लिए जरूरी ऑक्सीजन देते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं। हमारे खाने-पीने का प्रबंध करते हैं। और तो और, मुसीबत के वक्त हमें जीवन का अहसास कराते हैं और कई बार मनोरंजन भी करते हैं। जैसा कि मेरे साथ हुआ था।

पेड़ स्वतंत्र रूप से एक इकाई भी हैं। इस धरती पर उनका भी उतना ही हक है, जितना कि हमारा। जब तक हम यह नहीं मान लेते, तब तक प्रकृति का विनाश नहीं रुक सकता। इस विनाश के कारण जीवन चक्र में जो असंतुलन पैदा होता है, जिसके कारण तरह-तरह की बीमारियां और महामारियां पैर पसारती हैं, वे भी नहीं रुक सकतीं।

(ये लेखक के अपने विचार है)

यह दुनिया मनुष्य से इतर किसी दूसरे के लिए भी हो सकती है, इसे स्वीकार ही नहीं करता। आखिर किस ने लिख कर दिया कि धरती पर सौ फीसदी हक सिर्फ मनुष्यों का है, बाकी और कोई प्रजाति जीने के लायक ही नहीं।

स्वार्थ के रथ पर सवार समूची धरती पर कब्जे की जिस प्रवृत्ति में वह जी रहा है, क्या इस तरह उसका खुद का जीवन सुरक्षित रह पाएगा? क्या मनुष्य को इस बात का अहसास आज भी नहीं हो पा रहा है, जब अपनी इसी प्रवृत्ति की वजह से उसका अस्तित्व खतरे में है? स्वार्थ से भरे इसी सोच का परिणाम है कि मनुष्य अपनी दुनिया में सिमटता हुआ कैद में अपने जीवन के सामने भी कई तरह की चुनौतियां देख रहा है।

8 पूर्व नैसैनिकों की वतन वापसी, भारत की बड़ी जीत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

संदीप पारीक
सामाजिक कार्यकर्ता
@jagrukjanta.net

भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों का कतर की जेल से रिहा होकर सुरक्षित स्वदेश लौटना निश्चित रूप से भारत की एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी है। इन लोगों को पिछले साल कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी, जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। यह मामला शुरू से रहस्यमय इस मायने में भी था कि कभी इससे जुड़े तथ्य सामने लाए ही नहीं गए। जब भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को कतर की अदालत द्वारा फांसी की सजा दिए जाने की खबर आई तो सबका ध्यान इस तरफ गया। लेकिन किसी को पक्के तौर पर पता ही नहीं था कि फांसी की सजा क्यों दी गई। इन पर लगे आरोपों को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। सूत्रों के हवाले से अपुष्ट खबरों में यह जरूर कहा जा रहा था कि उन पर इस्राइल को संवेदनशील सूचनाएं देने का आरोप है। लेकिन चूंकि आरोप सार्वजनिक नहीं हुए, इसलिए यह भी पता नहीं चला कि उनके खिलाफ किस तरह के सबूत पेश किए गए। ऐसे में भारत सरकार का काम खासा चुनौतीपूर्ण था। जहां देश के अंदर इन पूर्व नौसेना कर्मियों के लिए सहानुभूति थी, वहीं यह समझना भी मुश्किल नहीं था कि कथित आरोपों की गंभीरता को देखते हुए और खासकर इस्राइल का एंगल होने की वजह से कतर के लोगों के लिए भी यह मसला खासा संवेदनशील हो सकता था। जाहिर है, इस बारे में भी कोई ठोस नतीजा निकालना मुश्किल था कि अगर इनके खिलाफ किसी तरह की साजिश है तो वह किस स्तर पर और किन लोगों के जरिए की गई है।

स्वाभाविक ही विदेश मंत्रालय ने किसी तरह की बयानबाजी में पड़ने के बजाय इसे आपसी समझदारी से सुलझाने का फैसला किया। कतर और भारत के बीच बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच पर्सनल केमिस्ट्री भी अच्छी मानी जाती रही है। इसलिए कानूनी उपायों के साथ-साथ इन चैनलों का भी इस्तेमाल करना बेहतर माना गया। इन बहुस्तरीय प्रयासों का पहला बड़ा नतीजा तब दिखा जब COP 28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद अपीलीय न्यायालय ने इन सबकी फांसी की सजा को कम कर दिया। उसी समय से यह उम्मीद बनने लगी थी कि अब कुछ समय में दोनों सरकारों की रजामंदी से इन कैदियों को स्वदेश भेजने की व्यवस्था हो सकती है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि भारत सरकार और खासकर विदेश मंत्रालय ने इस मसले को जितनी गंभीरता और कुशलता से निपटाया, उससे न केवल देश की साख बढ़ी है बल्कि यह विश्वास भी मजबूत हुआ है कि भारत सरकार दुनिया में कहीं भी मुसीबत में फंसे अपने नागरिकों का साथ नहीं छोड़ती।

स्वास्थ्य सेवा के स्वरूप में कुछ बदलाव होने चाहिएं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

डॉ. रामावतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में आम जनता के स्वास्थ्य की देखभाल किसी भी दृष्टिकोण से आसान नहीं है। ऊपर से समस्याओं के समाधान प्राप्त करने को ले कर जन चेतना के अभाव और सरकार में बैठे लोगों में इस क्षैत्र के प्रति घटती संवेदनशीलता पूरे विषय को राष्ट्रीय चिंतन के एक कोने में धकेल देती है जहां सिर्फ पीड़ित व्यक्ति ही दीन हीन बन गुहार लगाता नजर आता है पर उसे चारों तरफ एक निष्ठुर तटस्थता ही नजर आती है। जैसा कि हर कोई महसूस कर रहा है चिकित्सा सेवाओं में महंगाई सबसे अधिक दर से बढ़ रही है और सेवाएं अधिकतर लोगों के बूते से बाहर की बात होती जा रही है। महंगी शिक्षा के अलावा रियल एस्टेट, भवन निर्माण, बिजली, पानी और स्टाफ के खर्चे आदि में तीव्र वृद्धि की वजह से चिकित्सा सेवाएं यहां से भी काफी और महंगी होने वाली हैं। ऊपर से कॉरपोरेट अस्पताल और बीमा कंपनियों के विस्तार से जुकाम जैसी बीमारियों का इलाज भी काफी महंगा हो गया है और आगे चलकर इसमें और वृद्धि होने वाली है।

जहां तक सरकारी सहयोग की बात है तो वहां आबादी का 30-40 प्रतिशत हिस्सा ही कुछ राहत पा रहा है। सरकारी सहयोग की उच्चतम राशि ज्यादातर मामलों में बहुत कम होती है और गंभीर बीमारियों में यह पूरे खर्चे का 4-5 प्रतिशत ही होता है खासकर यदि बिल एक लाख या उससे ऊपर का आता हो। ज्यादातर सरकारी सहयोग की उच्चतम सीमा 7000 के आसपास की है। यदि रोगी सरकारी कर्मचारी हो तो सरकार पूरा खर्च वहन करती है। यह एक व्यावहारिक सत्य है कि नेताजी द्वारा टीवी पर किए गए लंबे चौड़े विज्ञापनों के बावजूद 140 करोड़ लोगों को मुफ्त की चिकित्सा संभव नहीं है और कुछ नए विचार मंथन के लिए सामने आने चाहिएं। सरकार अपने स्वास्थ्य बजट का बड़ा हिस्सा सामान्य आउटडोर बीमारियों के इलाज पर खर्च करती है जिसमें रोगी को 200-300 रुपए मात्र का सहयोग मिलता है। चूंकि दवाएं मुफ्त में मिल रहीं हैं तो डॉक्टर थोक में दवा लिखते हैं, रोगी आधी दवाएं काम में लेते है और बाकी इधर उधर फेंक देते हैं। इस राहत से लोगों के जीवन पर कोई बड़ा आर्थिक प्रभाव नहीं पड़ता है। अब यदि इसके दूसरे पक्ष को देखें तो कैंसर, बड़े ऑपरेशन, गुर्दा, लीवर, हृदय आदि के रोग और कई जटिल बीमारियों में इलाज की कीमत 20 लाख से 2 करोड़ तक होती है। बीमा के अभाव में ये परिस्थितियां किसी भी परिवार को आर्थिक तौर पर नष्ट कर सकती हैं। वास्तव में देखा जाए तो यहां सरकार का सहयोग अपेक्षित है पर कष्ट की बात है कि वह अनुपस्थित है। सरकार का धन छुटपुट बीमारियों में ही व्यय हो जाता है जिनकी दवाएं लोग खरीद सकने में सक्षम होते हैं। इस विषय पर नीतियों में परिवर्तन होना चाहिए। सरकार अपने अस्पतालों में चिकित्सकों के परामर्श की मुफ्त व्यवस्था रखे। मुफ्त की बजाय सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करवाए जो अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध हों। डॉक्टर्स के प्रिस्क्रिप्शन की औचक ऑडिट हो ताकि एंटीबायोटिक्स और विटामिंस का दुरुपयोग रुके। मुफ्त दवाएं सिर्फ गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए ही हों।

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

तीन प्रकार के दुःख हैं। देह के, मन के और वाणी के। देह के दुःखों को कष्ट कते हैं जैसे आंख का दुखना, फोड़ा होना आदि। आत्म ज्ञानी को मन के और वाणी के दुःख नहीं सताते। वह समभाव से उनका निपटारा कर लेता है। शरीर के दुःख तो आएंगे ही इनके लिए क्या रोना ये तो प्रारब्ध के फल हैं, जो भोगने ही पड़ेंगे। हम अपने शरीर आदि के दुःखों के अलावा दूसरों के दुःख मोल लेते हैं। घर में स्त्री को बच्चों को कुछ हुआ, हम चिंता में डूब जाते हैं। संवेदनशीलता, उनका उपचार करना आदि तो हमारा कर्तव्य हैं, किंतु अपने ऊपर दुःख आरोपित करना कहां की समझदारी है। हम दुःख को गा गाकर और बढ़ाते जाते हैं। यही अज्ञानता दुःखों का कारण है। जो वस्तु हमारे पास है, वह चली गई या जो हमें मिलनी चाहिए थी वह मिली नहीं, उसके लिए हम दुःखी होते हैं। एक सज्जन इसलिए दुःखी थे कि उनके कोई संतान नहीं है। कुछ समय बाद एक कन्या का जन्म हो गया। कन्या जन्म के समय बड़ी खुशी मनाई गई। बाद में इच्छा हुई कि एक पुत्र भी होना चाहिए। संतान प्राप्ति के सुख को भूल गए और पुत्र प्राप्ति के लिए दुःखी हो गए। एक सज्जन को व्यापार में हर महीने एक लाख रुपया लाभ होता था। एक महीने उसे 80 हजार रुपए ही नफा हुआ। वह घर आकर उदास और दुःखी हो रहा था। कारण बता रहा था घाटा हो गया। लेकिन जो मिल गया उसका आनन्द नहीं। कितनी बड़ी मूर्खता है। भगवान ने सब कुछ दिया है, घर परिवार सम्पत्ति फिर भी हम दुःखी हैं।

क्रमशः

ओपिनियन

देवी सरस्वती का अवतरण दिवस है बसंत पंचमी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

यतेन्द्र पाण्डेय
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

हिन्दू धर्म में अनेक प्रकार के त्योहार मनाये जाते हैं उन त्योहारों का उद्देश्य तथा मनाने की विधि अलग अलग होती है। इन तमाम त्योहारों में एक त्योहार बसंत पंचमी का भी है, पूरे भारत में यह त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इस दिन लोग कला, ज्ञान एवं संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा आराधना करते हैं।

इस दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है। यों तो माघ का यह पूरा मास ही उत्साह देने वाला है, पर वसंत पंचमी (माघ शुक्ल) का पर्व भारतीय जनजीवन को अनेक तरह से प्रभावित करता है। प्राचीनकाल से इसे ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है।

बसंत पंचमी पर्व का इतिहास - धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है!

बसंत पंचमी का वैज्ञानिक महत्व - पीला रंग उत्साह बढ़ाता है और दिमाग को सक्रि य रखता है. यह रंग मन को मजबूत करता है. ये रंग हमारे नर्वस सिस्टम पर असर डालता है, जिससे दिमाग में सेरोटोनिन हॉर्मोन निकलता है. इसके साथ ही साथ पीला रंग मानसिक तनाव को भी दूर करता है.।

बसंत पंचमी में ऐसा क्या खास है!-बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा और व्रत करने का विधान है। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल होती है और तरक्की के मार्ग खुलते हैं। इस दिन दान करने का भी विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन विशेष चीजों का दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

बसंत पंचमी का महत्व-धार्मिक वेद एवं पुराणों में बसंत पंचमी पर्व के महत्व के विषय में विस्तार से बताया है। बता दें कि भारत में छह मुख्य ऋतू हैं, जिनमें से बसंत ऋतू को सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन ही भगवान ब्रह्मा जी के जिह्वा से वाणी, ज्ञान और बुद्धि की देवी माता सरस्वती प्रकट हुई थीं।

बसंत पंचमी का दूसरा नाम- बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दू त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। यह पूजा पूर्वी भारत, पश्चिमोत्तर बांग्लादेश, नेपाल और कई राष्ट्रों में बड़े उल्लास से मनायी जाती है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करते हैं।

पंचमी की विशेषता- देवी सरस्वती का जन्म वसंत पंचमी को हुआ था, इसलिए उस दिन उनकी पूजा की जाती है, और इस दिन को लक्ष्मी जी का जन्मदिन भी माना जाता है; इसलिए इस तिथि को 'श्री पंचमी' भी कहा जाता है। इस दिन सुबह अभ्यंग स्नान किया जाता है और पूजा की जाती है। वसंत पंचमी पर, वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा और प्रार्थना का बहुत महत्व है।

बसंत पंचमी के दिन क्या करें क्या ना करें-बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करने के बाद ही कुछ ग्रहण करें। अगर संभव हो तो इस दिन व्रत रखना चाहिए। इसके अलावा प्याज, लहसुन या मांस का सेवन न करें। साथ ही किसी भी तरह का नशा करने से बचें।

भारत में बसंत पंचमी कहां मनाई जाती है?- गुजरात में उपहार के रूप में फूलों का आदान-प्रदान किया जाता है, जहां गुलदस्ते और मालाओं को आम के पत्तों से सजाया जाता है। इस दिन, लोग भारत के महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्यों में शिव और पार्वती की पूजा करते हैं।

पंचमी को कैलेंडर में क्या कहते हैं - विवाह पंचमी एक हिंदू त्योहार है जो राम और सीता के विवाह के अवसर का जश्न मनाता है। यह हिंदू कैलेंडर के अनुसार मार्गशीर्ष महीने (नवंबर-दिसंबर) में शुक्ल पक्ष के पांचवें दिन या चंद्रमा के बढ़ते चरण में मनाया जाता है।

वसंत पंचमी कौन सा भगवान है- वसंत पंचमी जो देवी सरस्वती की पूजा करने का अवसर है, ज्ञान का जश्न मनाने का दिन है क्योंकि कुछ परंपराओं में, इस दिन बच्चों को शिक्षा की शुरुआत की जाती है।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर

पूर्वी डॉटर पूनम-विष्णु शर्मा, अलीगढ़, यूपी

हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री

साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 14/02/2024

सूर्योदय : 07:08 **सूर्यास्त :** 18:13 **चन्द्रोदय :** 09:59 **चन्द्रास्त :** 23:12 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** माघ **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** कुम्भ **चन्द्र राशि :** मीन **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** पंचमी, 12:13 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास माघ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **माघ :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : रेवती, 06:59 तक
योग : शुभा, 19:56 तक
प्रथम करण : बालवा, 12:13 तक
द्वितिय करण : कौवाला, 23:12 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	05:19 ए एम से
प्रातः सन्ध्या	05:44 ए एम से
अभिजित मुहूर्त	12:13 पी एम से
विजय मुहूर्त	02:27 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	06:07 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	06:09 पी एम से
अमृत काल	08:15 ए एम से
निशिता मुहूर्त	12:9 ए एम, फरवरी 14 से
सर्वार्थ सिद्धि योग	07:02 ए एम से
रवि योग	07:02 ए एम से

निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास : पश्चिम में
होमाहुति : बुध
चन्द्रवास : उत्तर

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया

रोग : 07:08 - 08:31
उद्वेग वार वेला : 08:31 - 09:54
चर : 09:54 - 11:17
लाभ : 11:17 - 12:40
अमृत : 12:40 - 14:03
काल काल वेला : 14:03 - 15:26
शुभ : 15:26 - 16:49
रोग : 16:49 - 18:12

रात का चौघड़िया

उद्वेग : 18:13 - 19:49
शुभ : 19:49 - 21:26
अमृत : 21:26 - 23:03
चर : 23:03 - 00:39
रोग : 00:39 - 02:16
काल : 02:16 - 03:53
लाभ : 03:53 - 05:30
उद्वेग : 05:30 - 07:06

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज पंचमी

आज कौन सा कार्य करें

पंचमी समस्त शुभ कार्यों के लिए उत्तम है परंतु इस दिन ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

माघ, शुक्ल, पंचमी, 2080 बुधवार, 14 फरवरी - 20 फरवरी, 2024

मेष [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
अनजाने में किसी गलतफहमी के शिकार होंगे जिससे स्नेहीजन से तकरार होगी। कार्य-व्यवसाय के लिए सप्ताह शुभ है भाग्य साथ देगा प्रत्येक कार्य में थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

तुला [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
नई व्यवहारिक सीख मिलेगी। आपके मन में भी कुछ नया सीखने अथवा करने की भावना रहेगी। आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी। कार्य क्षेत्र पर बिक्री बढने से धन की आमद बनेगी।

वृषभ [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
आर्थिक दृष्टिकोण से सप्ताह बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र से अतिरिक्त आय होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन के स्त्रोत्र बढ़ेंगे। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय ना दे पाने से लोगो से दूरी बन सकती है।

वृश्चिक [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
परिवार अथवा कार्य क्षेत्र पर कोई दुखद घटना होने की संभावना है किसी भी प्रकार का जोखिम ना लें। अतिरिक्त खर्च होगा। पुरानी गलतियों की कमी के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी।

मिथुन [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
व्यवसाय में भूल कर भी किसी को उधार ना दे डूबने की संभावना अधिक है। कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। दुर्व्यसनों से दूर रहें।

धनु [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
सप्ताह का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

कर्क [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
घरेलू कलह विकराल रूप ले सकती है परिजनों की गलतियों को अनदेखा करने में ही आज भलाई है लेकिन किसी के आगे समर्पण भी ना करें। बुजुर्ग वर्ग भी आपकी विचारधारा के विपरीत सोच रखेंगे।

मकर [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
परिजनों के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

सिंह [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
कारोबार व्यवसाय में अचानक बढ़ोतरी होगी लेकिन सहकर्मियों का विपरीत व्यवहार से क्रोध भी आयेगा। नौकरी पेशा जातक किसी ना किसी कारण अधिकारी वर्ग से परेशान रहेंगे।

कुंभ [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
नए कार्यो का आरंभ ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

कन्या [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
जिस भी कार्य को करें बीच-बीच मे उसकी समीक्षा अवश्य करले गलत दिशा में जाने की संभावना है। आप मे व्यवहारिकता की कमी रहेगी

मीन [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
आर्थिक लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

धानक्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि पर हुआ व्याख्यान

परिवर्तन केवल सत्ता के बल पर नहीं, समाज के बल पर होता है : निम्बाराम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि पंडित दीनदयाल के जीवन को पढ़ेंगे तो हमें समझ आता है कि परिवर्तन केवल सत्ता के बल पर नहीं बल्कि समाज के बल पर होता है। राजा वही होगा जो हमारे बीच से जाएगा। इसलिए अब जैसा राजा वैसी प्रजा नहीं, बल्कि जैसी प्रजा वैसा राजा वाला समाज खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल ने व्यष्टि से समष्टि तक का चिंतन दिया। यह भारत का प्राचीन विचार, भारत की विरासत है, जिसे आज की स्थिति में हम युगानुकूल कहते हैं।

निम्बाराम ने समाज में सामाजिक समरसता एवं नागरिक अनुशासन को अपनाने, स्वदेशी वस्तुओं के साथ ही स्वत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भाव जाग्रत करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वाधीनता के 75 वर्षों का हिसाब किताब भी हमारे पास होना चाहिए। देश को आगे बढ़ाने की हमारी क्या योजना हो इसके लिए पंडित दीनदयाल के विचारों को आत्मसात करना है। शासन चलाने वाले सभी श्रेष्ठ जनों ने इसके लिए एक अभियान हमारे समक्ष रखा और वह है अमृतकाल। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का अंत्योदय विचार राजस्थान में दिखता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और ऐसे अनेक महापुरुषों के विचार लोगों तक पहुंचे इसके लिए एक तंत्र का निर्माण करना होगा। पिछले जी-20 की थीम वसुदैव कुटुम्बकम के रूप में भारत की मूल संस्कृति को सम्पूर्ण विश्व के सामने प्रतिपादित करने का कार्य हुआ है।

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़, उद्योगपति राजेश गौतम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष मोहनलाल छीपा, सचिव प्रताप भानू आदि उपस्थित रहे।

जो अंतिम पंक्ति में खड़ा था, वह आज राजस्थान का सीएम है

आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने कहा कि आज इस परिसर से बाहर लगी एक फोटो प्रदर्शनी के फोटो को देखकर मेरे मन में विचार आया कि राजस्थान में पंडित दीनदयाल का जो अंत्योदय का विचार था, वह स्थापित है। प्रदर्शनी में एक फोटो लगा हुआ है। इसमें भजनलाल शर्मा, राजनाथ सिंह के दौरे के समय व्यवस्थाओं में भागते दौड़ते नजर आ रहे हैं। तब मेरे मन में विचार आया कि जो व्यक्ति उस समय अंतिम पंक्ति में खड़ा था। वह आज राजस्थान का मुख्यमंत्री है।

धनखड़ ने स्वदेशी अपनाने को कहा

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को स्वदेशी सामान का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में दीये, कैंडल, फर्नीचर, बाहर से आ रहा है। इसके दो दुष्परिणाम हैं। हमारा फॉरेन एक्सचेंज बड़ी मात्रा में बाहर जा रहा है। हम यहां के व्यापारियों के हाथ काट रहे हैं। सरकार विश्व के बंधन में है। वहां कई प्रकार के नीतियां चलती हैं। लेकिन लोगों पर कोई बंधन नहीं हैं। लोगों को स्वदेशी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए। पीड़ा होती है, जब पता लगता है कि 2009 में भारत सरकार ने 5 मिलियन यूएस डॉलर एक विदेशी यूनिवर्सिटी को दे दिए।

21वीं सदी भारत की होगी : सीएम

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित जी के विचार मां भारती के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने राष्ट्रवाद की कल्पना की थी। उन्होंने कहा-देश में सबसे पहले भैरोंसिंह शेखावत ने अंत्योदय की योजना शुरू की। उसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने अंत्योदय के विचार को आगे बढ़ाया। अब पीएम नरेंद्र मोदी अंत्योदय के विचार को आगे बढ़ा रहे हैं। 2014 के बाद पूरे विश्व ने भारत को परिवर्तित होते देखा है। वह दिन दूर नहीं जब 21वीं सदी भारत की होगी।

संविधान हमारे लिए सर्वोपरि

क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि संविधान हमारे लिए सर्वोपरि है। हम अक्सर संविधान में दिए गए अधिकारों की तो बात करते हैं, लेकिन उसमें बताए गए कर्तव्य की भी नागरिकों के बीच चर्चा होनी चाहिए। हमें सोचना चाहिए कि आज जो परिवर्तन का भव्य वातावरण देश में बना है उसमें हमारी भूमिका क्या हो। आज रामलाल के मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई उससे हम सब में स्वाभिमान जगा लेकिन परिवर्तन का यह क्रम निरंतर चलना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सामंजस्य व समन्वय के भाव को लेकर हमें चलना होगा।

विरासत के प्रति हम सबको गर्व है

निंबाराम ने कहा कि भारत का चरित्र क्या होना चाहिए इसका अभी- अभी एक उदाहरण हम सब ने जी-20 में देखा। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया वहां पीछे नालंदा विश्वविद्यालय का चित्र लगा था। वहां योजना बनाने वालों ने यह नहीं सोचा कि खंडहर का चित्र दिखाने से बुरा लगेगा। बल्कि विरासत के प्रति गर्व के भाव को दिखाया गया। हमारे पूर्वज हमें क्या देकर गए इसका एक उदाहरण दिया।

विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भूमिका निभाएं सिंधी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन में हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। उन्होने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई।

देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दीक्षा स्थल पर पहुंचकर उन्हें फूल चढ़ाकर कहा कि अंबेडकर हमारे प्रेरणा स्रोत है।

देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय है। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। देवनानी सोमवार को उदयपुर जाएंगे, वहां प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

राजस्थान में पर्यटन विकास के दरवाजे खुले : दीया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को मुम्बई ओटीएम समापन और पुरस्कार समारोह में कहा कि राजस्थान के कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में छवि को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने ओटीएम में राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिलने खुशी जताई।

उन्होंने कहा कि ओटीएम एशिया में अग्रणी ट्रैवल ट्रेड शो है। राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है। ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। इसका आयोजन इस बार 8 से 10 फरवरी तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। राजस्थान पर्यटन को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान टूरिज्म को डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिलने पर उन्होंने खुशी जताई है।

हिंडौन के पास 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में लौह अयस्क भंडार के लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू

प्रदेश में रोजगार और आय के अवसर होंगे विकसित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

करौली जिले में लौह अयस्क भंडार मिले हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश के बाद खान विभाग ने हिंडौन के पास करीब 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन और ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि हिंडौन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन के 840 टन से अधिक भंडार हैं। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि विभाग द्वारा किए गए आरंभिक एक्सप्लोरेशन में आयरन ओर के मेग्नेटाइट और हेमेटाइट दोनों के ही संकेत मिले हैं। करौली के खोड़ा में 462.3 हैक्टेयर, डेडरोली में 754.38 हैक्टेयर, टोडुपुरा में 260.71 और लीलोटी में 410.94 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर के डिपोजिट मिले हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यहां आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपोजिट है। यहां पर चुंबकीय प्रकृति के मेग्नेटाइट और नार्मल प्रकृति के हेमेटाइट आयरन भंडार उपलब्ध है। आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार कर दिए गए हैं। इस क्षेत्र में आयरन ओर के और अधिक डिपोजिट्स मिलने की संभावना है। करौली में आयरन ओर मिलने से आने वाले समय में प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और अधिक पंख लगेंगे। स्टील व सीमेंट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

आयरन ओर से स्टील उद्योग के साथ ही कोल वाशिंग, फेरोअलॉय, फाउण्ड्रीज, सेरेमिक और सीमेंट उद्योग सहित अनेक उद्योगों को वर्षों तक कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा व प्रदेश में इन उद्योगों में निवेश और नए उद्योग लगने के साथ ही रोजगार और आय के अवसर विकसित होंगे।

खनन माफिया पर की कार्रवाई

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नई सरकार बनते ही मांइस विभाग एक्शन मोड पर आ गया है। पहले 15 दिन का राज्यव्यापी अभियान चलाकर खनन माफिया पर प्रभावी कार्रवाई की गई, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है। आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

लेखानुदान 2024-25

चुनावी सिक्का जमाने का प्रयास

खुला पिटारा

विधानसभा में पारित हुआ 31 जुलाई तक का बजट

राजस्व व्यय
282247
करोड़ रुपये

राजस्व प्राप्तियां
258378
करोड़ रुपये

486615
करोड़ रुपये का कुल व्यय अनुमानित

जनता जनार्द्दन की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया। महिलाओं, किसानों, छात्रों, व्यापारियों एवं कार्मिकों सहित सभी वर्गों को महत्वपूर्ण सौगातें दी गई है।
- भजन लाल शर्मा, मुख्यमंत्री

सबको मिला कुछ ना कुछ

25-25 करोड़ रुपए की राशि से जयपुर, भरतपुर, उदयपुर में आवासीय गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट

150 करोड़ रुपए खर्च होंगे गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में। किसानों को 1 लाख रुपए तक का ऋण

70 लाख विद्यार्थियों को स्कूल बैग, ड्रेस व किताबों के लिए 1-1 हजार रुपए की सहायता

पक्ष

पीएम ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम करने की गारंटी दी थी, पर लेखानुदान में इसका जिक्र तक नहीं किया है। अलग कृषि बजट समाप्त कर दिया। सीतापुरा -अंबाबाड़ी मेट्रो की डीपीआर की घोषणा की है, पूर्वपूवर्ती भाजपा सरकार ने इसका काम बंद नहीं किया होता तो कम लागत में ही मेट्रो तैयार हो चुकी होती।

अशोक गहलोत,
पूर्व मुख्यमंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में भजनलाल सरकार का पहला बजट पेश किया। बजट में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों के लिए बजट का प्रावधान किया गया। इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को साधने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दी गई गारंटियों के अनुरूप बजट को बनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे सेवा, समर्पण, समृद्धि का बजट बताते हुए कहा कि यह नए राजस्थान की परिकल्पना को साकार करेगा। यह जन-जन के सर्वांगीण उत्थान और मोदी जी की समस्त गारंटी को मूर्त रूप देने का आर्थिक दस्तावेज है। दीया ने कहा कि यह भाजपा के हर वादे को पूरा करने वाला संकल्प पत्र ही है।

ये भी हैं प्रमुख घोषणाएं

- महिलाओं, बुजुर्गों की पेंशन में 150 रुपए की बढ़ौत्तरी
- बुजुर्गों को रोडवेज किराए में 50 फीसदी की छूट मि लेगी। पहले ये छूट 30 फीसदी थी। जेब पर कम होगा बोझ भी।
- युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा। आरपीएससी और कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा तय समय पर हो इसके लिए वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया जाएगा।
- लाडो प्रोत्साहन योजना में गरीब परिवार में बेटी होने पर 1 लाख का सेविंग बॉन्ड मिलेगा। प्रसव राशि को भी एक हजार रुपए से बढ़ाकर 6 हजार रुपए कर दिया गया।
- किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड बनेंगे। पहले फेज में 5 लाख गोपालकों को कर्ज भी दिया जाएगा।
- जयपुर में मेट्रो का विस्तार होगा। जयपुर, जोधपुर और कोटा में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। प्रदेश में नई सड़कों के लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत।
- 20 मंदिरों के विकास के लिए 315 करोड़ का बजट दिया गया।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप सर्किट बनाया जाएगा।
- कर्मचारियों को डीपीसी में 2 साल की छूट मिलेगी। आशा सहयोगी व अन्य को मानदेय में 10 प्रति शत की बढ़ोतरी की जाएगी।

सामाजिक सुरक्षा

श्रमिक, मानदेयकर्मी व महिलाओं को सुरक्षा

श्रमिकों को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत दो हजार रुपए पेंशन देने की व्यवस्था कर सामाजिक सुरक्षा कवच दिया, वहीं पंचायती राज और शहरी निकाय प्रतिनिधियों सहित अन्य मानदेयकर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। प्रत्येक जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉयड और सार्वजर्व निक स्थल, महिला छात्रावासों व नारी निकेतनों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर महिला सुरसुक्षा पर ध्यान दिया है।

लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवार में बालिका जन्म पर एक लाख रुपए सेविंग बॉन्ड दिया जाएगा। इससे महिला-पुरुष अनुपात में बढ़ते अंतर में कमी लाई जा सकेगी। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक में आदर्श आंगनबाड़ी विकसित की जाएगी, जहां स्वास्थ्य, पोषण व प्री स्कूल शिक्षा की व्यवस्था होगी। किसानों को डेयरी गतिविधि और गोवंश पोषण आदि के लिए एक लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

राजस्थान का विकसित संकल्प

- संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र, रोजगार मेले, कैंपस प्लेसमेंट, स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग
- **174 थानों में महिला हेल्पडेस्क, 34 थानों में सायबर हेल्पडेस्क**
- 500 इलेक्ट्रिक बसें, इंटर स्टेट के साथ ही जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा जैसे बड़े शहरों को मिलेंगी
- **आर्म्ड फोर्स म्यूजियम स्थापना के लिए डीपीआर बनेगी**
- हाईवे पर जान बचाने के लिए 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस
- **जल जीवन मिशन में 25 लाख परिवारों को नल से जल**
- पीएम सूर्योदय योजना: 5 लाख घरों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली

ये भी हैं प्रमुख घोषणाएं

पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के लिए प्रयास

- जयपुर मेट्रो का विस्तार, टोंक रोड के साथ सीतापुरा, अंबाबाड़ी से विद्याधर नगर तक की डीपीआर
- स्टेट रोड फंड से सड़कों के निर्माण पर 1,500 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 5 हजार से बढ़ाकर 6500 रुपए राशि, 90 करोड़ व्यय होंगे।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आईपीडी के साथ डे-डेकेयर पैकेपै केज भी मिलेगा।
- पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों की एसएफसी ग्रांट 6.75 से बढ़ाकर 7% की।
- जयपुर के निकट हाईटेक सिटी, विश्वस्तरीय शहर के अनुरूप समस्त सुविधाएं विकसित होंगी।
- 20 हजार गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर और आगामी वर्ष में 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में 1 लाख 10 कार्यों पर 3500 करोड़ खर्च किए जाएंगे।
- महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, उदयपुर में अटल इनोवेशन स्टूडियो एण्ड एक्सीलेटर्स, एक हजार करोड़ व्यय होंगे।
- गोविंददेवजी जयपुर, पूंछरी का लौठा, भरतपुर, त्रिनेत्र गणेशजी मंदिर, रणथम्भौर मानगढ़ धाम, बांसवाड़ा सहित 20 मंदिरों के विकास पर 300 करोड़ खर्च होंगे।
- अल्बर्ट हॉल जयपुर और राजकीय म्यूजियम अलवर सहित 10 प्रमुख म्यूजियम के विकास पर 50 करोड़ व्यय होंगे।
- गुड़-चीनी पर मण्डी सेस समाप्त। मंडियों में व्यापार बढ़ेगा और गुड़-चीनी के दाम भी घटेंगे। इससे पहले 1.60 रुपए मंडी सेस लग रहा था।
- वैट, स्टाम्प ड्यूटी, ट्रांसपोर्ट, बिजली कनेक्शन पर एमनेस्टी स्कीम को 31 जुलाई 2024 तक प्रभावी रखा है।

दीया कुमारी जी ने प्रदेश का अंतरिम बजट पेश किया। जो बेहद शानदार बजट हैं। वित्त मंत्री ने प्रदेश के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया हैं। किसानों के लिए मंडी टैक्स को खत्म करना किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर बात करें तो यह बजट महिलाओ, विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों, गरीबों और व्यापारियों सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पेश किया गया हैं जो स्वागत योग्य है।
-मुकेश भारद्वाज, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, सांगानेर

बजट के महत्वपूर्ण पहलुओं में विद्याधर नगर तक मेट्रो चलाना, किसानो की फसल MSP पर खरीद के साथ साथ बोनस देना, राजस्थान में रोजगार के अवसर बढ़ने के लिए रोजगार मेले आयोजित करवाने के साथ साथ स्किल ट्रैनिग उपलब्ध करवाना, स्कूलों के विकास के लिए मरम्मत हेतु 250 करोड़ के बजट का प्रावधान करना, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में IPD के साथ साथ डे केयर योजना लागु करना, जिला मुख्यालयों पर डिस्ट्रिक्ट रिहेबिलिटी सेंटर स्थापित करना साथ ही लैंड टैक्स समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय राजस्थान के सर्वांगीण विकाश में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।
संदीप कुमार अग्रवाल, उप निदेशक-परियोजना, यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर

भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो अंतरिम बजट पेश किया है, वह राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल है। वि मंत्री ने अंतरिम बजट पेश कर विकसित, अग्रणी, समृद्ध एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के विजन की शानदार शुरुआत की है, जो आगामी दिनों में धरातल पर साकार होता प्रदेश की जनता को दिखेगा। राज्य की भाजपा सरकार के अंतरिम बजट में युवा, किसान, बुजुर्ग, बहन-बेटियों के उत्थान को प्राथमिकता देते हुए सभी वर्गों की उन्नति का रोडमैप बनाकर कार्य करने का संकल्प लिया गया है, जिससे मोदी सरकार की प्रत्येक गारंटी पूरी होगी।
नगेन्द्र वशिष्ठ, सामाजिक कार्यकर्ता

राजस्थान सरकार ने नये भारत में राजस्थान की नई भूमिका तय करने वाला बजट दिया है। मोदी जी की गारंटी साफ़ नीति व नीयत से सही समय पर पूरी होती है, एक बार फिर यह रेखांकित हो गया। भजनलाल जी ने 25 लाख घरों को नल से जल का लक्ष्य, लाडो प्रोत्साहन योजना, गरीब किसान भाइयों के बच्चों को पीजी तक निशुल्क शिक्षा, युवाओं के लिए 70 हजार नौकरियां, महिला बुजुर्गों की पेंशन में 150 रुपए की वृद्धि,और 5 लाख घरों को सोलर सुविधा जैसी अनेक सौग़ातों से अपना विजन स्पष्ट कर दिया है।
- जतिन राणा, भाजपा जयपुर शहर सोशल मीडिया विभाग के जिला कार्यकारिणी सदस्य

विद्याधर नगर तक दौड़ेगी मेट्रो!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजधानी में मेट्रो विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। फेज-2 की नए सिरे से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनेगी। अम्बाबाड़ी की बजाय मेट्रो विद्याधर नगर तक चलेगी। सदन में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि जयपुर मेट्रो का विस्तार टोंक रोड के साथ सीतापुरा, अम्बाबाड़ी से होते हुए विद्याधर नगर तक के रूट पर करने के लिए डीपीआर तैयार करवाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट धरातल पर आने से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी। मेट्रो के दूसरे चरण में सर्वाधिक यात्री भार वाले टोंक रोड को जोड़ा जाएगा। पिछली डीपीआर में वर्ष 2021 में प्रतिदिन 4.9 लाख और वर्ष 2031 में 6.8 लाख यात्री भार का अनुमान है। इस डीपीआर में 4600 करोड़ रुपए लागत बताई गई थी।

30 किमी का रूट होने का अनुमान है नई डीपीआर में

अब मिलेगा फायदा

पिछली कांग्रेस सरकार ने फेज-2 की मंशा तो दिखाई थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने केंद्र सरकार से सहयोग न मिलने की बात कही थी। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ऐसे में डबल इंजन सरकार का फायदा मिलने की उम्मीद है। दरअसल, राजस्थान के मेट्रो प्रोजेक्ट को केन्द्र के मेट्रो प्रोजेक्ट में शामिल किया जाता है तो यह तेज गति पकड़ सकता है।

धीमी गति से विस्तार

3 जून 2015 को मेट्रो शुरू हुई। 23 सितम्बर, 2020 को परकोटे में मेट्रो शुरू हुई। फेज-1 सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर) का बीते वर्ष 21 सितम्बर को शिलान्यास हो चुका है। फेज-1डी (मानसरोवर से 200 फीट बाइपास चौराहे तक) का काम शुरू नहीं हुआ है।

पेट्रोल-डीजल पर किया निराश

अंतरिम बजट में सबसे ज्यादा उ,मीद पेट्रोल और डीजल पर वैट कम होने की थी। माना जा रहा था कि भजनलाल सरकार पेट्रोल और डीजल पर लग रहे वैट की दर को कम करने को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा कर सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजस्थान में देश के दूसरे राज्यों की अपेक्षा पेट्रोल और डीजल पर अधिक वैट वसूल किया जाता है। राजस्थान में पेट्रोल पर 31.04 प्रतिशत वैट है और 1.5 रुपए प्रति लीटर रोड डवलपमेंट सेस भी वसूला जाता है। इसी तरह डीजल पर 19.30 फीसदी वैट और 1.75 रुपए प्रति लीटर रोड डवलपमेंट सेस वसूल किया जाता है, जो अन्य राज्यों की अपेक्षा काफी ज्यादा है। इसकी वजह से राजस्थान के मुकाबले देश के दूसरे राज्यों में पेट्रोल 16 रुपए और डीजल 11 रुपए तक सस्ता मिलता है।

किसानों को मुफ्त बीज

अंतरिम बजट में किसानों के लिए 2000करोड़ का राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्र)चर मिशन बनाने की घोषणा की है। 20 हजार फार्म पोंड, 5000 किसानों के लिए वर्मी कंपोस्ट, फूड पार्क और हॉर्टिकल्चर हब बनेंगे। 500 कस्टमर हायरिंग सेंटर बनेंगे। किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम शुरू करने की घोषणा। इस योजना के तहत पशुपालकों को एक लाख रुपए तक का रियायती ब्याज दरों पर कर्ज दिया जाएगा। पहले चरण में 5 लाख गोपालकों को कर्ज मिलेगा। वहीं किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) पर 125 रुपए बोनस मिलेगा।

बजट पर बोल

नए मार्ग प्रशस्त करेगा बजट

सिरोही। राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया। भाजपा जोधपुर संभाग के मीडिया सह प्रभारी चिराग रावल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुआ कहा कि भजनलाल सरकार ने आपणो अग्रणी राजस्थान के बजट में युवा, महिला, किसान, बुजुर्ग के साथ सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। राजस्थान में सेवा सम्मान समृद्धि का बजट प्रदेश के मान और सम्मान में वृद्धि कर विकास के नए मार्ग पर राज्य को अग्रसर करेगा। राजस्थान की वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में विधानसभा क्षेत्रों में स्कूलों कॉलेजों अस्पतालों की स्थापना उन्नयन के लिए 1000 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव किया है, जिससे प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश अग्रणी बनेगा।

कोई उद्योग नीति, पर्यटन नीति नहीं

राज्य सरकार का यह बजट एक पूरक (इंट्रीम) बजट था मुख्य बजट भजनलाल सरकार द्वारा जुलाई 2024 में लाया जायेगा। इस बजट में राज्य सरकार द्वारा किसी भी तरह की कोई नयी उद्योग नीति, पर्यटन नीति लायी गयी ना ही रीको, राजस्थान वेट, एसजीएसटी अन्यथा किसी में कोई एमनेस्टी स्कीम को बढ़ाया गया। इस बजट में रीको एमनेस्टी स्कीम को आगे बढ़ाया जायेगा इसी उम्मीद उद्यमीयो द्वारा की गई थी क्योंकि आज भी रीको के कई प्रकरण एमनेस्टी स्कीम की उम्मीद में अपूर्ण है। स्टांप ड्यूटी की मांग के प्रकरणों में एवं पेनल्टी में शत प्रतिशत छूट दिया जाना प्रस्तावित है जिससे लगभग 80% प्रकरण प्रभावित होंगे। राज्य सरकार से राजस्थान के आर्थिक विकास के लिये जुलाई में एक विशाल और अच्छे बजट की उम्मीद की जा सकती है।

- सी ए रौनक ओरिया, आबूरोड

बेहद शानदार बजट

प्रदेश की भजनलाल सरकार में वित्त मंत्री के रूप में दीया कुमारी जी ने प्रदेश का अंतरिम बजट पेश किया। जो बेहद शानदार बजट हैं। वित्त मंत्री ने प्रदेश के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया हैं। किसानों के लिए मंडी टैक्स को खत्म करना किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लघु और सीमांत किसानो के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतू सरकार ने KG से PG तक की शिक्षा निशुल्क देने के बात कही हैं, जिससे गरीब परिवारों को संबल मिलेगा।

- अरविंद अग्रवाल, भगवती रिजॉर्ट

किसान आंदोलन: श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ में धारा 144

हनुमानगढ़ @ जागरूक जनता। किसान संगठनों ने दिल्ली बॉर्डर पर धरना-प्रदर्शन कर किसान आंदोलन शुरू कर दिया है। जिसके बाद से राजस्थान सरकार अलर्ट मोड पर है। राजस्थान के कुछ जिलों जैसे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ में धारा 144 लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि किसान आंदोलन और 16 फरवरी को प्रस्तावित भारत बन्द से कानून व्यवस्था भंग हो सकती है। ऐसे में 20 फरवरी की मध्यरात्रि तक धारा 144 लागू रहेगी।

हर्षा के आस्ट्रेलिया में एस पी बनने पर परिवार जनो का किया सम्मान

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। महेश सेवा सदन समिति गांधीनगर द्वारा हर्षा बाहेती के आस्ट्रेलिया में एस पी बनने पर उनके परिवार जन का सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। कैलाश भूतड़ा व सुरेश बांगड़ ने बताया कि इस अवसर पर हर्षा के परिवार में दादा रामेश्वर लाल काबरा, पिता अरविंद काबरा, माता रेणु काबरा, चाचा राजेश काबरा, भाई अंकित काबरा एवं भाभी सपना काबरा का सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर कमलेश डाड, प्रहलाद मूंदड़ा, ओम प्रकाश भंडारी, विनोद न्याति, आशीष सोमानी, चंद्र प्रकाश इनाणी, विनोद चंडक, ओम प्रकाश भंडारी आदि उपस्थित रहे।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। भाविप, पंचमुखी हनुमान चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में तेरहवां नेत्र चिकित्सा शिविर पंचमुखी हनुमान चिकित्सा अनुसंधान मुख्य डाकघर के पास आयोजित हुआ। जिसमें कोटा के प्रसिद्ध डा. सुधीर गुप्ता, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा नेत्रो का मोतियाबिंद का आपरेशन द्वारा प्रत्यारोपण किये गये। शिविर में 66 रोगियों का पंजीकरण हुआ और 43 रोगियों का आपरेशन किया गया। नवीन वर्डिया ने नेत्र रोगियों को आंख की सुरक्षा रखने की जानकारी दी। शिविर सम्पन्न होने पर नरेंद्र कुमार जोशी द्वारा आभार व्यक्त किया। शिविर में सत्य नारायण काबरा, सुनील काबरा, बृजेश मैदानी, रमेश चंद्र जागेटिया, शशि सनाढ्य, डी सी पुरोहित, कैलाश न्याति, रुप सिंह मेहता ने सहयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। लोकसभा आम चुनाव के तहत सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने मतगणना स्थल शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राउमावि का निरीक्षण कर विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं, मीडिया कक्ष में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं आदि की जानकारी ली। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार, न्यास सचिव हिम्मत सिंह बारहठ आदि उपस्थित रहे।

अभियान के तहत जागरूकता फैला रहे लोक कलाकार

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। महिला अधिकारिता विभाग में चल रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत अपना थियेटर संस्थान अजमेर के कला जत्था प्रभारी जुमे खां के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक कलाकार लक्ष्मीनारायण रावल, विजेन्द्र रावल, रईस, जीवन, नारायण डांगी, जगदीश, राजकुमार आदि कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों एवं नृत्य, गीतों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई जा रही है। अभियान के तहत दल द्वारा ब्लॉक चित्तौड़गढ़, भैंसरोड़गढ़, भदेसर, बेगूं, बड़ीसादड़ी, भोपालसागर आदि की ग्राम पंचायतों में बालिका शिक्षा को बढ़ाना, भ्रूण हत्या रोकने का संदेश प्रसारित किया गया।

25 साल तक फ्री में मिलेगी 300 यूनिट बिजली

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर/ बीकानेर। पश्चिमी राजस्थान और ख़ास कर बीकानेर का इलाका रेतीला है और साल के 365 दिनों में से 325 दिनों तक तक यहां तेज़ धूप रहती है। इसके अलावा यहां निजी और सरकारी दोनों ही तरह की ज़मीनें काफ़ी हैं। इसकी वजह से देश की कई नामी गिरामी कम्पनियां अपने प्लांट लगा रही हैं।

राजस्थान के लोगों को बिजली का बिल भरने की चिंता से मुक्ति मिलने वाली है। अब 25 सालों तक लोग हर महीने 300 यूनिट बिजली का उपभोग कर सकेंगे और इसके लिए उन्हें कोई शुल्क भी नहीं देना होगा। अभी 300 यूनिट बिजली यूज करने वालों को क़रीब दो हज़ार रुपए चुकाने पड़ते हैं। वो भी तब है,

जबकि सरकार रियायती दरों पर बिजली मुहैया करवा रही है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत राज्य सरकार जल्द ही लोगों के घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने जा रही है। इसके लिए मकान मालिक से कोई भी राशि नहीं ली जाएगी।

50 हज़ार परिवारों को फायदा

केन्द्र सरकार की सूर्योदय योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर वेबसाइट पर इसकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बीकानेर में तकरीबन 50 हज़ार परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। इन 50 हज़ार परिवारों में वो लोग होंगे, जिनके यहां बिजली का बिल हर महीने 300 यूनिट या इससे कम का है। राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र में लेखानुदान बजट पेश करते हुए प्रदेश की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के क़रीब पांच लाख परिवारों को प्रधानमंत्री सुर्योदन योजना का लाभा दिए जाने की घोषणा की थी।

छत पर 3 से 5 किलोवॉट सोलर पैनल लगेंगे

योजना के तहत पात्र घरों की छत पर 3 से 5 किलोवॉट तक के सोलर पैनल फ्री में लगाए जाएंगे। एक किलोवॉट पैनल से 4 से 5 यूनिट बिजली पैदा होती है। ऐसे में तीन से पांच पैनल लगने पर रोज़ाना 12 से 20 यूनिट बिजली पैदा होगी और एक महीने में 600 यूनिट तक बिजली बनेगी। उत्पादित 600 यूनिट में से 300 यूनिट बिजली मकान मालिक को फ्री दी जाएगी और बाकी यूनिट्स सरकार खुद ले लेगी। 300 यूनिट तक बिजली खपत के लिए मकान मालिक को कुछ भी नहीं चुकाना होगा और उससे ज़्यादा उपभोग होने पर सामान्य दरों से बिल भरना होगा।

बीकानेर का इलाका बना सोलर हब

पश्चिमी राजस्थान और ख़ास कर बीकानेर का इलाका रेतीला है और साल के 365 दिनों में से 325 दिनों तक तक यहां तेज़ धूप रहती है। इसके अलावा यहां निजी और सरकारी दोनों ही तरह की ज़मीनें काफ़ी हैं। इसकी वजह से देश की कई नामी गिरामी कम्पनियां अपने प्लांट लगा रही हैं। भारत सरकार के एमएनआरई की रिपोर्ट के मुताबिक़ राजस्थान की कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 7,738 मेगावॉट की है और इस क्षमता के बाद राजस्थान देश में पहले स्थान पर आ गया है।

नारायण सेवा संस्थान का 41वां दिव्यांग सामूहिक विवाह

51 बेटियां साजन के साथ विदा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 41वें निःशुल्क दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह में 51 जोड़े परस्पर सात वचनों को लेकर जनम - जनम के बंधन में बंध गए। इनमें 25 जोड़े सकलांग थे जबकि 26 जोडे ऐसे थे जो बैसाखी या किसी और के सहारे बिना उठ नहीं पाते, चल नहीं पाते अथवा देख नहीं पाते। इनमें अधिकतर वर- वधु ऐसे थे जो संस्थान से आर्टिफिशियल लिम्ब और आत्मनिर्भरता का कोर्स यही से पाया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। सोहन चड्ढा-अमेरिका, भरतभाई सोलंकी- इंग्लैंड, कुसुम गुप्ता- दिल्ली सहित देश भर से बड़ी संख्या में आए अतिथियों की मौजूदगी में सजे-धजे विशाल हाड़ा सभागार में नाते-रिश्तेदारों, मित्रों, कन्यादानियों और साधक -साधिकाओं ने जोड़ो पर असीम स्नेह लुटाते हुए इन लम्हों को और भी भावुक व यादगार बना दिया। संस्थान संस्थापक पद्मश्री अंलकृत कैलाश 'मानव' सह संस्थापिका कमला देवी, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल व पलक अग्रवाल द्वारा गणपति पूजन के पश्चात प्रातः 11 बजे शुभ मुहूर्त में दूल्हों ने क्रमवार परम्परागत तोरण की रस्म का निर्वाह किया। इसके बाद भव्य पाण्डाल में गाते-झूमते अतिथियों के बीच जोड़ों ने संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल के सहयोग से स्टेज पर वरमाला डाली। इस दौरान उन पर पुष्प वर्षा की झड़ी लग गई। विवाह स्थल पर आतिशबाजी हुई। इसके बाद मुख्य आचार्य के निर्देशन में 51 पण्डितों ने अलग- अलग अग्निकुण्डों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार की विधि सम्पन्न करवाई। इस दौरान प्रत्येक वेदी पर वर-वधू के माता-पिता, कन्यादानी व साधक-साधिकाएं उपस्थित थे। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने अतिथियों व वर-वधुओं के परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि जब जीवन की दशा और दिशा बदलने वाला कोई सुनहरा सपना होता है तो उसकी खुशी को बयां करना आसान नहीं होता। वहीं मंजर आज यहां दिख रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले 40 विवाहों में विभिन्न राज्यों के 2300 से अधिक जोड़ों की गृहस्थी बसाने में योगदान कर खुशी महसूस करता है।

उपहार एवं विदाई

विवाह विधि संपन्न होने पर नव-युगल को संस्थान व अतिथियों की ओर से नवगृहस्थी के लिए आवश्यक सामान एवं उपहार स्वरूप आभूषण प्रदान किए गए। जिसमें मंगलसूत्र, चूड़ी, लोंग, कर्णफूल, अंगूठी, रजत पायल, बिछिया आदि शामिल थे जब कि गृहस्थी के सामान में चूल्हा,बिस्तर, अलमारी, संदूक, बर्तन,पानी की टंकी सहित आवश्यक सामग्री दी गई। विदाई के वक्त कन्याएं नम आँखों से विदा हुई और उनके दुल्हों ने संस्था और समाज सेवियों से लिपटकर और नमन कर आशीर्वाद लिया। सभी नवविवाहित बेटियों की दोपहर 3 बजे डोली में विदाई हुई तथा संस्थान के वाहनों से उनके शहर/गांव तक पहुंचाया गया।

आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सालय भवन जर्जर, जिम्मेदार बेखबर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। श्री सांवलिया जी राजकीय सामान्य चिकित्सायल परिसर में एक छत के नीचे संचालित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, होम्योपेथिक चिकित्सालय और राजकीय यूनानी औषधालय का भवन जर्जर हो रहा है। सरकार भले ही इन तीनों चिकित्सा पद्धति को बढावा देने के दावे कर रही हो लेकिन कई वर्षो से भवन के जर्जर हालात यहां की स्थिति को साफ बया कर रहे है। यहां पर आयुर्वेद चिकित्सक दीपाली देराश्री, होम्योपैथिक चिकित्सक भारती सिंघल और यूनानी चिकित्सक डॉक्टर एएम अजमेरी मरीज का उपचार कर रहे हैं। तीनों अलग-अलग चिकित्सा पद्धति के चिकित्सक एक ही स्थान पर उपलब्ध होने के चलते यहां बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं। सरकार द्वारा यहां पर आयुर्वेद की विभिन्न पद्धतियों से उपचार करने के लिए कई सुविधाएं भी दी गई है इसके साथ ही आयुर्वेद होम्योपैथी यूनानी पद्धति की दवाइयां भी सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जार रही है। इस चिकित्सालय में आने वाले मरीज तीनों ही चिकित्सकों के उपचार से स्वस्थ भी होते हैं और संतुष्ट भी है। एक ही छत के नीचे विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से उपचार की सुविधा देने से लोगों का आयुर्वेद की ओर रूझान भी बढ रहा है, इसके बावजूद हालात यह है कि जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित इस भवन में करीब पांच वर्षो से आ रही दरारे लगातार बढ रही है। हर पल हादसे का खतरा है लेकिन जिम्मेदार मरम्मत कराने के प्रति बेखबर बने हुए है। बारिश के मौसम में हादसे का खतरा अधिक बढ जाता है। चिकित्सालय प्रभारियों द्वारा जिम्मेदार विभाग व अधिकारियों को पत्र व्यवहार के माध्यम से कई बार अवगत कराने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए है। इस भवन में पिछले कई वर्षो से रंग रोगन का कार्य भी नहीं हुआ। पूरे भवन परिसर में पड़ रही दरारे धीरे-धीरे बढती जा रही है, ऐसे में यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन कभी भी बड़े हादसे का परिचायक बन सकता है।

बीकानेर में 4 स्थानों पर होंगे पिंक बस महिला शौचालय

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बीकानेर। बीकानेर शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार व स्थान जहां महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती हैं व सार्वजनिक शौचालय नहीं है, वहां अब पिंक बस महिला शौचालय की सुविधा रहेगी। नगर निगम चार मिनी पिंक बस टाइप मोबाइल टॉयलेट की खरीद करेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस पर 88 लाख रुपए व्यय होंगे। निगम महापौर सुशीला कंवर ने वर्ष 2022 के निगम बजट के दौरान पिंक बस महिला शौचालय सुविधा प्रारंभ करने की घोषणा भी की थी। करीब दो साल बाद अब इस सुविधा के होने की उम्मीद जगी है। राजस्थान के बीकानेर शहर में चार स्थानों पर पिंक बस महिला शौचालय खड़े रहेंगे। इनको सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। मोबाइल टॉयलेट होने के कारण इनको कहीं पर लाने-ले जाने की सुविधा रहेगी।

यह रहेगी सुविधा

महापौर सुशीला कंवर के अनुसार मिनी पिंक बस टाइप मोबाइल टॉयलेट बस चैसिस पर तैयार होगा। बस की तरह इसकी डिजाइन होगी। इसमें दो इंडियन व दो वेस्टर्न टॉयलेट होंगे। वास बेसिन के साथ कांच, सेनेटरी नैपकिन पैड मशीन की भी सुविधा होगी। टॉयलेट के साथ एक छोटा ड्रेसिंग कक्ष होगा। इसमें महिलाएं अपने छोटे बच्चों को दूध भी पिला सकेंगी। सेंसर सिस्टम में बिजली सुविधा होगी। एक हजार लीटर क्षमता का पानी टैंक रहेगा। टॉयलेट के स्लज टैंक की क्षमता 12 लीटर रहेगी। दो कचरा पात्र लगे होंगे।

बेणेश्वर धाम के आज दर्शन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

डूंगरपुर। डूंगरपुर के वागड़ प्रयाग बेणेश्वर धाम में 14 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचेंगी। जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने के साथ ही मंदिर परिसरों में विशेष बंदोबस्त किए जा रहे हैं। वहीं, बेणेश्वर शिवालय ट्रस्ट भी व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। इस अवसर पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी की यात्रा भी प्रस्तावित है। बेणेश्वर धामयात्रा कार्यक्रम के लिए बेणेश्वर धाम साबला में हेलीपैड सभा स्थल को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर सभी श्रद्धालु उत्साहित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बेणेश्वर धाम यात्रा के मद्देनजर बेणेश्वर शिवालय सार्वजनिक प्रन्यास के अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से 13-14 फरवरी को मुख्य मार्ग की बजाय वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने का आह्वान किया है। ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सभी श्रद्धालु उत्साहित हैं।

कोटड़ा में नारायण सेवा सहायता शिविर

दो हजार से अधिक लोगों को अन्न व वस्त्र वितरण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान की ओर से आदिवासी बहुल कोटड़ा तहसील के उपलवास गांव में अन्नदान-वस्त्रदान व भोजन सेवा शिविर संपन्न हुआ। शिविर के विशेष अतिथि सोहन चड्ढा, मुक्ता चड्ढा (अमेरिका) भरत भाई सोलंकी (इंग्लैंड) व एस.पी. कालरा (दिल्ली) ने उपस्थित दो हजार से ज्यादा स्त्री, पुरुष और बच्चों को स्वेटर, बूट, चप्पल, मौजे, टूथपेस्ट -ब्रश, साबुन, कंघी, तेल, कंबल, लुंगड़ी, धोती, टी-शर्ट, 5-5 किलो मक्का के पैकेट वितरित किए। शिविर में सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने बच्चों को नहलाया व उन्हें नए वस्त्र पहनाए। मेडिकल टीम ने मौसमी बीमारियों से ग्रस्त लोगों की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) का द्वितीय चरण

सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाये

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

तारानगर। भारत सरकार के सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय व आवासन एंव शहरी मामलात मंत्रालय द्वारा राजस्थान में विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) का द्वितीय चरण नगर पालिका तारानगर परिसर व वाटर वर्क्स कोर्ट कैम्पस के बाहर आयोजित किया गया। जिसमें उपखण्ड अधिकारी नोडल अधिकारी संदीप चैधरी पालिका अध्यक्ष प्रियंका बानो, अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह वार्ड पार्षदगणों, कनिष्ठ अभियन्ता सुनिल दत्त मण्डार कैम्प प्रभारी, शक्ति सिंह राठौड, लखुसिंह, मुमताज खां, नितेश उपाध्याय आदि कार्मिको के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ रिबन काटकर अभियान का शुभारम्भ किया गया एवं उपस्थितजनों के साथ शपथ ली गई।

उपखण्ड अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया की विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्वेश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन में जागरूकता बढाना और विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगो को योजना के दायरे में लाना तथा योजनाओं के बारे में आमजन की व्यक्तिगत कहानियां/अनुभव को साझा करना तथा वंचित रहे व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका पंजीकरण करना।

अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री स्वनिधि, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लोग अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक/पॉलीथीन बेग के नुकसान को बताते हुए इसे प्रतिबंध/बन्द करने की सलाह देते हुए कपडें के थैले का उपयोग करने की सलाह देते हुए उपखण्ड अधिकारी संदीप चैधरी, अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह पालिका अध्यक्ष प्रियंका बानो ने नगर पालिका द्वारा बनाये गये कपडे के थैले का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुशील सरावगी, अशोक जांगिड, शिव कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सहारण, तैयब जी, हरि प्रसाद इन्दोरिया, संजय सैनी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

घर मंगवाये जागरूक जनता
हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक .....

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि
☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम .....
पता : .....
.....
फोन ..... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐
राशि (रुपए) ..... बैंक का नाम .....
डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

● सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. .....रसीद क्रं. .....

दिनांक ..... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →
जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की बैठक

प्रदेश हो रेलवे फाटक मुक्त, बनेगा रोडमैप

बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से मिलेगी प्रदेश के आर्थिक विकास को रफ्तार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बैठक कर प्रदेश में राजमार्ग एवं सड़क तंत्र को बेहतर और मजबूत बनाने के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार की मंशा राजस्थान को राजमार्गों और सड़कों के नेटवर्क के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में लाने की है, ताकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक विकास को रफ्तार मिल सके। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि केन्द्र सरकार प्रदेश में मजबूत सड़क तंत्र के विकास के लिए हर प्रकार से मदद करेगी।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप रेलवे फाटकों पर आरओबी अथवा आरयूबी का निर्माण कर प्रदेश को रेलवे फाटक मुक्त बनाने का रोडमैप तैयार करने की दिशा में बैठक में विचार-विमर्श हुआ। केन्द्रीय मंत्री द्वारा जयपुर रिंग रोड के द्वितीय चरण के लिए पांच हजार करोड़ रुपए की मंजूरी के घोषणा के बाद रिंग रोड के कार्य को शीघ्र ही अमलीजामा पहनाने के बारे में भी बैठक में निर्देश प्रदान किए गए। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत ढांचा कोष (सीआरआईएफ) के अंतर्गत सड़कों के नए प्रस्ताव भिजवाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से रोपवे निर्माण की संभावनाओं के बारे में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, सांसद सी.पी.जोशी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (सार्वजनिक निर्माण) संदीप वर्मा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

सरकार बनी तो एमएसपी पर कानून बनाएंगे-खड़गे-राहुल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।

गांधी ने कहा, "किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है। कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित करके उनका जीवन बदल देगा।कांग्रेस की गारंटी।"

खड़गे ने कहा, " मोदी सरकार किसानों की आवाज़ पर लगाम लगा रही है। किसान के हित में एमएसपी को क़ानूनी दर्जा दिया जाएगा।"इस बीच कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजधानी दिल्ली को 'पुलिस छावनी' में तब्दील कर दिया गया है। कांग्रेस किसानों के न्याय की मांग का समर्थन करती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जी भी किसान न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री जी खुद किसानों से बात करें और उन्हें न्याय

भारतीय टूरिस्टों को होगी सहूलियत, अब डायरेक्ट पेमेंट कर सकेंगे

श्रीलंका और मॉरिशस में भी यूपीआई पेमेन्ट हुआ लॉन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंका और मॉरीशस में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सर्विस लॉन्च की। अब श्रीलंका और मॉरीशस जाने वाले भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिक इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। हाल ही फ्रांसमें भी यूपीआई सर्विस की शुरुआत हुई थी। लॉन्च के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई अब एक नई जिम्मेदारी निभा रहा है यूनाइटिंग पार्टनर्स विद इंडिया। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए कार्यक्रम में मोदी के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ के साथ तीनों देशों के सेंट्रल बैंक के गवर्नर भी मौजूद थे।

मॉरिशस में रुपे कार्ड भी लॉन्च

पीएम मोदी ने मॉरिशस में यूपीआई सर्विस के साथ रुपे कार्ड सर्विस भी लॉन्च की। अब मॉरिशस के बैंक अपने यहां रुपे मैकेनिज्म पर बेस्ड कार्ड जारी कर पाएं गे। इससे दोनों देशों के लोग अपने देश के साथ-साथ एकदूसरे के यहां भी इन कार्ड्स के जरिए मिलने वाली सेवाओं का इस्तेमाल कर पाएं गे।

पीएम मोदी ने एक लाख अपॉइंटमेंट लेटर बांट

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेले के तहत 1 लाख से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कें द्र सरकार का यह 12वां और आखिरी रोजगार मेला है। पीएम ने दिल्ली में कर्मयोगी भवन की भी आधारशिला रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा। कार्यस्थ म को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर युवा जानता है कि अगर वह कड़ी मेहनत करे तो वह अपने लिए जगह बना सकता है। 2014 से हमयुवाओं को विकास में भागीदार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने पिछली सरकार की तुलना में 1.5 प्रतिशत अधिक नौकरियां दी हैं। मोदी ने कहा कि पहले नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था। इस देरी का फायदा उठाकर उस दौरान रिश्वत का खेल भी जमकर होता था। हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रि या को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। देश में स्टार्टअप्स की संख्या 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। पीएम ने इस बार के बजट में स्टार्टअपको मिलने वाली टैक्स छूट को आगे बढ़ाने का भी ऐलान किया।

राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू का राजभवन में अभिनंदन किया

जयपुर @ जागरूक जनता। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मंगलवार को राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन और स्वागत किया। मिश्र ने राजभवन में उनकी अगवानी करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान राज्यपाल मिश्र की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

बीजेपी में शामिल हुए चव्हाण

मुम्बई @ जागरूक जनता। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। चव्हाण ने बीजेपी में शामिल होने से पहले कहा कि आज से मैं अपना राजनीतिक जीवन दोबारा शुरू कर रहा हूं। इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, मुंबई प्रदेश अध्यक्ष आशीष शेलार मौजूद रहे। चव्हाण ने कहा, हालांकि, मैंने आज किसी भी कांग्रेस विधायक को अपने साथ आने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। इस दौरान चव्हाण से पूछा गया कि उन्होंने आज सत्य साईं बाबा की पूजा करते समय क्या मांगा. अशोक चव्हाण ने कहा कि मैं घर से निकलते वक्त हमेशा पूजा करता हूं. ये मेरी रोज की आदत है. अशोक चव्हाण ने कहा कि अच्छे काम के लिए बाहर जाते समय भगवान का आशीर्वाद लेना मेरी सामान्य आदत है।

किसान आंदोलन में हुई पत्थरबाजी तो पुलिस ने ड्रोन से दागी टीयर गैस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। पंजाब-हरियाणा शंभू बार्डर के बाद खनौरी बार्डर पर बने पुल पर बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए हैं। किसानों का आंदोलन जंग जैसे हालत में पहुंच गया है। किसानों को तितर बितर करने के लिए पुलिस लगातार आंसू गैस से गोले दाग रही है। यह पहली बार है कि किसान आंदोलन में पुलिस ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर का कहना है कि सभी किसान कंट्रोल में हैं। पुलिस आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। हम इसकी निंदा करते हैं। इससे पहले शंभू बार्डर पर पुलिस और किसानों के बीच जमकर बवाल हुआ। पुलिस ने यहां 100 से अधिक गोले दागे तो किसान आंदोलन में शामिल युवाओं ने भी पत्थर चलाए। इस कार्रवाई में आंसू गैस का एक गोला एक किसान के घुटने पर आकर फट गया। इस गोले की चपेट में आने से किसान घायल हो गया। फिलहाल किसान पंजाब-हरियाणा के सभी बार्डर पर डटे हैं। शंभू बॉर्डर पर रखे गए बड़े बड़े बोल्डर को ट्रैक्टर से हटाया जा रहा है। वहीं कुछ बैरिकैड्स को भी तोड़ा दिया है।

किसान आंदोलन में खेतों को बनाया रास्ता

किसानों ने दिल्ली कूच के लिए अब खेतों का रास्ता बनाना शुरू कर दिया है। अब वह खेतों के रास्ते हरियाणा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। यहां भी हरियाणा पुलिस आंसू गैस के गोले दाग रही है। शंभू बार्डर पर किसान लगातार हरियाणा में प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं और पुल के नीचे से हरियाणा में घुसने में लगे हुए हैं। फिलहाल यहां किसानों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

विधानसभा का डिजीटल चैनल व व्हाट्सएप चैनल प्रारम्भ करने की है योजना - विधानसभा अध्यक्ष

नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी के लिए स्कूलों में साप्ताहिक एक घंटा किया जाएगा प्रसारण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विस देश की शीर्षस्थ विधानसभाओं में अपना स्थान रखती है। इसे और भी प्रभावी बनाने के लिए शीघ्र ही विधानसभा का एक डिजीटल चैनल प्रारम्भ किया जाएगा जिस पर विधानसभा की कार्यवाही के अलावा लोकतांत्रिक क्रियाकलाप से जुड़े विषयों का प्रसारण किया जाएगा। प्रदेश के स्कूलों में सप्ताह में एक घंटा इस चैनल का प्रसारण करने की भी योजना है, जिससे बच्चों को शुरू से ही लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचय और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी मिल सके। देवनानी ने मंगलवार को उदयपुर सर्किट हाउस में यह बात कही।

विधानसभा अध्यक्ष के रुप में नई भूमिका के बारे में बताते हुए देवनानी ने कहा कि प्रत्येक दायित्व का अपना महत्व है, लेकिन गरिमा की दृष्टि से विधानसभा अध्यक्ष का पद विशिष्ट है। सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के बीच तालमेल बनाते हुए विधानसभा कार्यवाही निष्पक्ष एवं सुचारू रखना एक चुनौति होता है। सदन में सामान्य वाद-विवाद चलता रहता है, लेकिन किसी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए। मेरे विचार से गतिरोध दूर करने के लिए दोनों पक्षों को टेबल पर बिठाकर संवाद किया जाना सबसे उत्तम हल है। हाल ही में विधानसभा सत्र में ऐसा करने से गतिरोध दूर

करने में सफलता प्राप्त हुई। साथ ही सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक करने से भी सत्र की कार्यवाही के दौरान होने वाले गतिरोधों की सम्भावना को कम किया जा सकता है। देवनानी ने कहा कि विधानसभा कार्यवाही को अधिकतम लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलाया जाएगा, लेकिन अनुशासन व नियमों का सख्ती से पालन करना भी प्राथमिकता में शामिल है।

देवनानी ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि विधायकों को सदन में बोलने का पर्याप्त समय नहीं मिलने की शिकायत दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सदन की कार्यवाही के दिन बढ़ाने और पहले की तरह सार्थक बहस के दौरान आवश्यकतानुसार लम्बी अवधि तक कार्यवाही जारी रखने से यह शिकायत दूर की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कई बार सदन आधी रात तक भी चलते रहे हैं ऐसे में सांयकाल 6 या 7 बजे तक कार्यवाही समाप्त कर देने से इस तरह की शिकायतें पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि शून्यकाल में लॉटरी सिस्टम से प्रश्न पूछने की परिपाटी फिर से शुरू की जाएगी, जिससे विधायकों को अपनी बात रखने का अवसर मिल सकेगा।

गुजरात की तरह हर टेबल पर स्क्रीन की व्यवस्था होगी

देवनानी ने कहा कि गुजरात विधानसभा में प्रत्येक टेबल पर स्क्रीन लगी है जिस पर विधायकों के प्रश्न एवं उत्तर प्रदर्शित हो जाते हैं। ऐसा ही राजस्थान विधानसभा में भी करते हुए विधानसभा की कार्यवाही को पेपरलेस बनाया जाएगा। सदन में बात रखने के विधायकों के अधिकारों का संरक्षण की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल के लगभग 5 हजार प्रश्न अनुत्तरित है जो कि ठीक नहीं है। अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की अब ऐसी व्यवस्था की जा रही है। विधायकों के प्रश्नों के उत्तर अगले सत्र से पहले प्राप्त हो जाए, ताकि जनहित के कार्यों को गति मिल सके। सदन की कार्यवाही के दौरान विधायकों की उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि हाल ही के सत्र में विधायकों की 70 प्रतिशत भागीदारी रही। विधायकों की रुचि एवं योग्यता के अनुसार कमेटियों का सदस्य बनाया जाएगा, ताकि वे अपनी अधिकतम क्षमता से कार्य कर सकें।

डिजीटल हेल्पलाइन से मिली मदद

देवनानी ने कहा कि डिजीटल हेल्पलाइन नए विधायकों को विभिन्न जानकारियां प्रदान करनें में सहायक सिद्ध हुई है। जल्द ही व्हाट्सएप चैनल भी बनाया जाएगा, जिससे सूचनाओं के सम्प्रेषण को गति मिलेगी। मीडिया के लिए भी विधानसभा परिसर में मीडिया हाउस बनाया गया है और एंट्री पास की संख्या भी बढ़ाई गई है।

जनता जागरूक हों और जनप्रतिनिधियों से करें सवाल

एक प्रश्न के उत्तर में देवनानी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र अमेरिका जैसे दुनिया के बड़े और ताकतवर देश से भी बेहतर है। इसे और भी सुदृढ़ करने के लिए जनता को जागरूक होकर जनप्रतिनिधियों से उनके कार्यों का हिसाब लेना चाहिए। साथ ही शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखकर कार्य करने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि मतदान नहीं करने वालों की सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने जैसी किसी कार्रवाई के बारे में विचार किया जाना चाहिए। उन्होनें मीडिया से आग्रह किया कि नकारात्मक समाचारों के साथ ही सकारात्मक समाचारों को भी प्रमुखता दें ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित हो सकें।

भगवान राम परिहार को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़शहर। आधुनिक जीवन शैली में योग एव प्राकृतिक चिकित्सा का महत्वः एक अध्यन विषय पर मिली पीएचडी की उपाधि, राजस्थान झुंझुनू की श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय के 12 वे दीक्षांत समारोह में झारखंड के राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्ण, व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बॉस, के पावन सानिध्य में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर.अजीत कस्वाहा के हाथो से जोधपुर के पीपाड़ शहर निवासी भगवान राम परिहार को योग विषय में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। इस डिग्री को लेकर परिहार ने अपनी योग विषय की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया,और इसका पूरा श्रेय योग गुरु बाबा रामदेव महाराज को बताया। 2008 से परिहार पतंजलि योग समिति से जुड़े है,लंबे समय तक जोधपुर जिला युवा प्रभारी के रूप में योग सेवा का कार्य किया है,वर्तमान में पतंजलि योग समिति राजस्थान राज्य के कार्यकारणी सदस्य है, स्वामी रामदेव महाराज दो बार परिहार के घर आ चुके है।

परिहार लंबे समय से निःशुल्क गांव गांव, सार्वजनिक स्थान, व पीपाड़ शहर की लगभग स्कूल में योग के द्वारा स्वस्थ जीवन का प्रचार प्रसार करते है, व योग शिविर का आयोजन भी करते है, साथ ही कोरोना जेसी वैश्विक महामारी में आयुर्वेदिक गिलोय का काढ़ा पिलाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया, ऐसे कार्य पर उप जिला कलेक्टर द्वारा 3 बार उपखंड क्षेत्र पर समानित भी किया गया। परिहार योग गुरु के साथ साथ एक सामाजिक, धार्मिक,पर्यावरण प्रेमी, गो भक्त,के रूप में भी जाने जाते है। परिहार द्वारा वर्तमान में मंदिर मन्दिर,रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ का निःशुल्क आयोजन कर रहे है, परिहार ने इस डिग्री के लिए सहयोग में सभी योग साधक व पतंजलि परिवार के सभी साधको का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह उपलब्धि पर पीपाड़ शहर के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं राजनेताओं और परिवार के सदस्यों ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत बधाई दी।

कलाकार प्रोत्साहन कार्यक्रम सम्पन्न

लुधियाना @ जागरूक जनता। पुनीत अनुपम ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "कलाकार प्रोत्साहन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। जिसमें भिन्न-भिन्न कला के जानकार या? किसी विशेष कला में संपन्न प्रतिभाशाली कलाकार शख्सियतों को अपनी प्रतिभा विडियो रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर दिया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों की कलाकार शख्सियतों ने भाग लिया। जिन्होंने दी गई भिन्न-भिन्न कलाओं में से अपनी इच्छा से एक कला का चयन करके चयनित कला में एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कला प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली कलाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत कला अलंकार' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई भिन्न-भिन्न कलाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर कलाकार शख्सियतों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया तथा प्रतिभागी कलाकार शख्सियतों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने ग्रुप द्वारा आयोजित होने वाले भिन्न-भिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए लोगों को सादर आमंत्रित भी किया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कला प्रतिभा प्रदर्शित करके ग्रुप की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम रुचि पारीक और नताशा नेगी के रहे।

रावत सी. सै. स्कूल का धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव "आरंगम"

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार के वार्षिकोत्सव "आरंगम" का भव्य आयोजन निर्मला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में 700 से अधिक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत एवं निर्मला रावत द्वारा हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में हवामहल क्षेत्र के एमएलए बालमुकुंदाचार्य को आमंत्रित किया गया। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अखिल शुक्ला रहे। रावत कॉलेज की निदेशक कल्पना रावत एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ. अक्षिता रावत ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने विविध थीम यथा राम नृत्य,संगीतमय कार्यक्रम एवम नन्हे मुन्नों ने विविध प्रस्तुतियों द्वारा सभी का मन आकर्षित किया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कार भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र रावत एवम नरेंद्र सिंह रावत ने भी अपने उद्बोधन से सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुशीला नेगी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

भामाशाहों के सहयोग से 133 विद्यालयों में होंगे 28 करोड़ रुपये के विकास कार्य

ज्ञान संकल्प पोर्टल बना सेतु

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा प्रदेश के 133 सरकारी स्कूलों में भामाशाहों के सहयोग से 31 प्रोजेक्ट्स के तहत 28.04 करोड़ रुपये के कार्यों का अनुमोदन किया गया है। पिछले दिनों राज्य परियोजना निदेशक (स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर-एसपीडी) अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय संवीक्षा समिति बैठक में लिए गए निर्णय के बाद इस सम्बंध मे आदेश जारी कर दिए गए है। एसपीडी चतुर्वेदी ने बताया कि स्कूल शिक्षा द्वारा संचालित ज्ञान संकल्प पोर्टल पर भामाशाहों (दानदाताओं) द्वारा विद्यालयों में विकास के लिए प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा के बाद स्वीकृत 31 प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रदेश के 14 जिलों में स्थित 133 विद्यालयों में नवीन भवन, टॉयलेट्स और रिनोवेशन जैसे विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अलवर जिले में 6, कोटा में 5, जालोर में 4, जयपुर व नागौर में 3-3, पाली में 2 तथा बांसवाडा, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू एवं सिरोही जिले में एक-एक प्रोजेक्ट का अनुमोदन किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय संवीक्षा समिति की बैठक में जिन प्रोजेक्ट्स का अनुमोदन हुआ है, उनमें 5 प्रोजेक्ट्स की लागत 2 करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें इन्द्रा देवी जेठमल राठी ट्रस्ट द्वारा नागौर जिले में राज.उ.मा. विद्यालय, खींवसर में 2.15 करोड़ रूपये, भामाशाह जितेन्द्र केसाजी प्रजापत द्वारा जालौर जिले में राज.बा.उ.मा.विद्यालय, कागमाला(रानीवाडा) में 2.66 करोड़, जी.आर. इन्फ्रा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा चुरू जिले में राज. उ.मा. विद्यालय, सिद्धमुख में 5 करोड़, गढवाल परिवार संस्थान, चंदवा की ओर से राज.उ.मा. विद्यालय, चंदवा (अलसीसर) झुंझुनू में 4.50 करोड़ एवं तारादेवी लालचंदजी सिंघवी ट्रस्ट चेन्नई द्वारा पाली में राज.म.गा.अं.मा. विद्यालय, कुशालपुरा (रायपुर) में 2.50 करोड़ रुपये की लागत से नवीन भवन निर्माण कराने के कार्यों का अनुमोदन हुआ है।

ANCHOR निर्देश

औद्योगिक ईकाईयों द्वारा भूमिगत जल निकासी हो बंद-पंत

शासन सचिवालय में जल भराव को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिये कि भिवाड़ी क्षेत्र में उपचारित औद्योगिक जल एवं सीवेज को प्राथमिकता से पुनः उपयोग में लेने के पश्चात अतिरिक्त जल को जलाशयों में छोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाये। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में राष्ट्रीय राजमार्ग–48 पर धारूहेड़ा के पास जल भराव स्थिति की समीक्षा एवं समस्या के समाधान के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि घरेलू शोधित जल का उपयोग बागवानी, कृषि कार्यों, सड़कों पर छिड़काव एवं भवन निर्माण आदि में करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी नगर परिषद, द्वारा सीवर लाईन एवं घरेलू कनेक्शन से सम्बन्धित कार्य तुरन्त पूर्ण किया जाये। नगर परिषद, भिवाड़ी द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार छोटे एसटीपी की सम्भावना भी तलाशी जाये जिससे शोधित जल का उपयोग स्थानीय स्तर पर हो सके। औद्योगिक इकाईयो के दूषित जल का निकास सीईटीपी कन्ड्यूट सुनिश्चित किया जाकर अन्य निकास बन्द कराये जायें।

पंत ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा सीईटीपी उपचारित जल का उपयोग सुनिश्चित किया जाये, इसके लिए उद्योगों से एमओयू किए जाने पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा भूमिगत जल निकासी बन्द कर सीईटीपी उपचारित जल का उपयोग सुनिश्चित किया जाये तथा भिवाड़ी के ड्रेनेज सिस्टम की सफाई एवं क्षमता विस्तार का कार्य आगामी मानसून से पूर्व समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये।

बैठक के प्रारम्भ में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा द्वारा भिवाड़ी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में जलभराव की समस्या के कारणों, वर्तमान में व्याप्त दूषित जल तथा शहरी सीवेज उपचार के संसाधनों आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि भिवाड़ी क्षेत्र की जल समस्या का प्रमुख कारण औद्योगिक व शहरी विकास की वजह से दूषित पानी का अत्यधिक एकत्रीकरण तथा इस जल के उपचार पश्चात् शोषित जल में औद्योगिक इकाईयों एवं घरों का दूषित जल पुनः मिल जाना है। इसके लिए भिवाड़ी क्षेत्र में औद्योगिक इकाईयों एवं घरों से निकलने वाले दूषित जल के शोधन हेतु संचालित सीईटीपी एवं एसटीपी को आदर्श रूप से संचालित करने की आवश्यकता है। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने अवगत कराया कि भिवाड़ी नगर परिषद द्वारा वर्तमान में घरेलू दूषित पानी के शोधन हेतु 9.5 एमएलडी क्षमता के 4 एसटीपी संचालित किये जा रहे हैं, जिनके द्वारा प्रतिदिन 7 एमएलडी से अधिक दूषित पानी का शोधन किया जा रहा है। अमृत-2 योजना के अन्तर्गत नगर परिषद्, भिवाड़ी द्वारा 34 एमएलबी क्षमता का नया एसटीपी लगाया जाना प्रक्रियाधीन है। खैरथल–तिजारा जिले के कलक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि हरियाणा की तरफ स्लोप होने के कारण पानी प्राकृतिक रूप से धारूहेड़ा की तरफ जाता है लेकिन हरियाणा के निवासियों द्वारा एनएच-919 पर अवरोध कर देने से हरियाणा की सीमा पर भिवाड़ी में जल भराव की समस्या पैदा हो गई है।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जो दिखेगा वही बिकेगा

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्पले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजस्थान प्रवास पर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया भावभरा स्वागत

जयपुर @ जागरूक जनता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने राजस्थान प्रवास के पहले दिन मंगलवार शाम को जयपुर पहुंची। राष्ट्रपति के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भावभरा स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, दक्षिण-पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग लेफ्टि. जनरल धीरज सेठ सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सीके बिरला अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का उद्घाटन

निजी अस्पतालों से करेंगे साझेदारी, ताकी मरीजों को मिले बेहतर इलाज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में भाजपा सरकार का फोकस हेल्थ मॉडल पर है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने चिरंजीवी बीमा योजना के नाम पर लोगों को भ्रमित किया। 25 लाख तक की योजना दिखाई। लेकिन 8 से 13 लाख रुपए तक से ज्यादा किसी का इलाज नहीं किया। लेकिन अब योजना का नाम बदल दिया गया है और अब हर मरीज को आयुष्मान योजना का लाभ मिले। इस पर काम किया जा रहा है। जब एसएमएस अस्पताल बना था तब जयपुर की आबादी करीब दो लाख थी।

आज तीस से पैतीस लाख है। ऐसे में प्राइवेट अस्पतालों को भागीदारी निभानी पड़ेगी। मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में योजना का फायदा मिले। इस पर हमारी सरकार काम कर रही है। अभी तो नई सरकार बनी है। लेकिन हमारी सरकार का फोकस है कि मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो। आज सीएम खुद अस्पताल का निरीक्षण करते है। वहीं अधिकारी लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर रहें है। ताकी सरकारी अस्पतालों में हालात बेहतर हो। मरीजों को किसी तरीके से परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। यह बात आज चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने सीके बिरला अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का उद्घाटन करने के दौरान कही। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि अब राजस्थान और आसपास के राज्यों के लोगों को अब रोबोटिक सर्जरी के लिए दिल्ली या मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जपयुर के सी के बिरला हॉस्पिटल्स में अब रोबोटिक सर्जरी की तकनीक उपलब्ध है। जिससे यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी समेत कई स्पेशलिटी की सर्जरी बेहद आसान और बेहतर परिणाम देने वाली होगी।

पीएम विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला आयोजित

हथकरघा उद्यमियों को मिली नई दिशा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर, द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का वीकेआई असोशिएशन हॉल जयपुर में आयोजित किया गया । इस योजना के तहत 18 व्यवसायों से सम्बंधित कारीगरों को प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण, टूल किट एवं ऋण आदि की सुविधा दी गयी ।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी विस्तार से दी गयी व साथ ही कारीगरों का प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के बारे मे जानकारी दी गयी व सीएससी द्वारा हेल्प डेस्क भी लगाई गयी। प्रोग्राम में जेम पोर्टल की जानकारी के साथ साथ राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन स्कीम की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. अरुण अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष, फ़ॉर्टी राजस्थान ने कहा कि हाथ से काम करने वाले उद्यमियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने नई दिशा दी है। जगदीश सोमानी, नवनिर्वाचित अध्यक्ष, वीकेआई असोशिएशन ने छोटे उद्यमियों एवं सदस्यों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़ने का आह्वान किया। वी.के. शर्मा, निदेशक, भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर ने सभी विश्वकर्माओं का कारीगर से निर्यातक बनने के लिए प्रेरित किया।

जिला उद्योग केंद्र जयपुर के महाप्रबंधक शिल्पी राजपुरोहित ने विभिन राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। सी.एस.सी. के भवानी सिंह बुनकर द्वारा पी.एम. विश्वकर्मा में पंजीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एन.एस.डी.सी एवं बैंक अधिकारीयों द्वारा भी प्रेजेंटेशन दिए गए। कार्यशाला में जयपुर जिले से लगभग 300 सरपंच गण, ग्राम सेवक, ग्राम विकास अधिकारियों, कार्यकारी अधिकारियों एवं कारीगरों ने भाग लिया व योजना की जानकारी हासिल करी। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी एवं उनका समाधान निकला गया। कार्यक्रम का संचालन अनिला चोरडीया, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर द्वारा किया गया।

झालामंड शाखा में बैंक ऑफ इंडिया, जोधपुर अंचल की 67 वीं नई शाखा का उद्घाटन

एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी बैंकिंग सुविधाएं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। बैंक ऑफ इंडिया, जोधपुर अंचल की नई शाखा का उद्घाटन अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज झालामंड में नई शाखा झालामंड का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया है । इस अवसर पर राष्ट्रीय बैंकिंग समूह नई दिल्ली के महाप्रबंधक प्रशान्त थपलियाल, सरकारी व्यवसाय विभाग के महाप्रबन्धक धर्मवीर सिंह शेखावत, जोधपुर अंचल के आंचलिक प्रबन्धक अजय कुमार त्रिपाठी, उप आंचलिक प्रबन्धक महेश बत्रा एवं अन्य गणमान्य सदस्य की उपस्थिति दर्ज की गई। इस मौके पर जोधपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जोधपुर में उपलब्ध व्यवसाय के अवसर तथा इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया की झालामंड शाखा यहाँ प्रारंभ की गई है और शाखा अपने सभी ग्राहकों को उचित सेवाएँ प्रदान करेगा और भविष्य में एक ही छत के नीचे बैंक के विभिन्न उत्पाद जैसे विभिन्न प्रकार के एमएसएमई ऋण, सुकन्या समृद्धि योजना, सावधि जमा योजना, कृषि ऋण, गोल्ड लोन व अन्य ऋणों के बारें में सभी को जानकारी दी। इस समारोह में मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं का उल्लेख करते हुए भारत सरकार की नीतियों को कार्यान्वयन के लिए बैंक हमेशा से अग्रणी रहे है। महाप्रबंधक प्रशान्त थपलियाल द्वारा बैंक के विकास के संबद्ध में बात की गई। ग्राहको को विश्वास दिलाया कि ग्राहक सेवा के लिए हमेशा कटिबद्ध रहेगें ।

महाप्रबन्धक धर्मवीर सिंह शेखावत ने सम्मानीय ग्राहकों से बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु अनुरोध किया। विभिन्न योजनाओं एवं सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैकड़ों सम्मानीय ग्राहक भी उपस्थित रहे एवं विभिन्न वर्ग के लाभार्थियों को जैसे वाहन ऋण, कृषि ऋण आदि को स्वीकृति पत्र सौंपे। अंत में शाखा प्रबंधक महेंद्र देवड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

राजस्थान आईटी गेम्स 2024 का शुभारंभ

मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान का संकल्प हो रहा साकार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार भी युवाओ को सभी प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भवानी निकेतन ग्राउंड में आईटी यूनियन राजस्थान द्वारा आयोजित 'राजस्थान आईटी गेम्स 2024' का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को उत्साहित और प्रेरित करती हैं और साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान के संकल्प को साकार करने में योगदान देती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा कही गई इस बात का भी उल्लेख किया कि खेलों में कोई हारता नहीं है। एक पक्ष जीतता है तथा दूसरा पक्ष सीखता है। खेल को खेल की भावना से खेल के मैदान पर खेलने से आपस में टीम भावना जागृत होती है तथा इसका कार्य क्षेत्र में भी लाभ होता है।

इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह देखना सुखद है कि विभाग के कार्मिक राजकीय कार्यों के निर्वहन के साथ ही खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खेलों को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। विभाग के अतिक्ति निदेशक संजय कार्णिक ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले आईटी यूनियन राजस्थान के प्रेसिडेंट कपिल चौधरी ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभागी टीमों के साथ ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। पांच दिन तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से 28 टीमों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

बसंत पंचमी के अवसर पर किए श्री दुर्गा चालीसा के पाठ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। बसंत पंचमी के अवसर पर नव जन जागृति मंच महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अन्नपूर्णा नारी संगठन के द्वारा शांति विद्या निकेतन स्कूल झोटवाड़ा में श्री दुर्गा चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया और माता रानी के भजन गाए गए। इस अवसर पर मंजू शर्मा, नमीता अग्रवाल, डॉ. श्वेता शर्मा, प्रभा शर्मा, सीमा गुप्ता, अनिता श्रीवास, कंचन शर्मा, कुसुम शर्मा, किरण चौधरी, जे पी शर्मा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर समस्त महिला शक्ति ने उत्साह पूर्वक माता रानी के भजनों का आनंद लिया।

टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर ग्रामीण महिला वर्ग में बनी विजेता

जयपुर @ जागरूक जनता। अजमेर में आयोजित चतुर्थ राजस्थान राज्य अन्तर जिला सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता में जयपुर ग्रामीण जिले की महिला टीम ने टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। खिताबी मुकाबले में जयपुर ग्रामीण की टीम ने उदयपुर को 4-1 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अतिरिक्त जिला कलक्टर अलका विश्नोई ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता में अपने सारे मुकाबले में विजय हासिल की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए टीम प्रभारी रवि वर्मा, कप्तान सुमन सहित टीम की खिलाड़ी चन्द्रकला, शमशाद बागवान, कमलेश शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

आईसीटी एकेडमी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट कोर्स प्रोग्राम आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में हनीवेल द्वारा आईसीटी एकेडमी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट कोर्स प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे, कॉलेज के असिस्टेंट डायरेक्टर सीए अभिषेक बियानी, यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ कंप्यूटर साइंस की निदेशक डॉ. कृष्णा गुप्ता, स्टेट हेड आईटीसी एकेडमी मि. अभिनंदन कुमार पांडे, तथा आईटी विभाग की हेड पूनम पाण्डे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी के कहा की हम जों भी काम करते है उसे पूरे दिल से करना चाहिए। हमें कर्म करते रहना चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के असिस्टेंट डायरेक्टर सीए अभिषेक बियानी ने अभिषेक बियानी ने सभी गेस्ट का स्वागत किया और कहा कि आज के समय में स्मार्ट वर्कींग के लिए एप्लीकेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी का रोल बहुत जरूरी है और इसीलिए स्टूडेंट्स को ज्यादा से ज्यादा अपडेटेड और कनेक्ट रहने की एडवाइज दी। स्टेट हेड आईटीसी एकेडमी मिस्टर अभिनंदन कुमार पांडे के कहा कि सीएसआर पहल के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए क्लाउड कंप्यूटिंग के महत्व को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

छात्राओं को स्वस्थ जीने की कला की दी जानकारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय, रामबाग सर्किल में एनएसएस की इकाइयों की ओर से गत 7 फरवरी से चल रहे विशेष शिविर का समापन समारोह मंगलवार को योगाभ्यास सत्र से हुआ। प्रथम सत्र में आलोक खन्ना वेलनेस एक्सपर्ट ने छात्राओं को स्वस्थ जीने की कला के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि प्रकृति के नियमों का पालन कर प्राचीन पद्धतियों से कैसे जीवन को सुखद और ऊर्जावान बनाया जा सकता है। समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं के समूहों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से परिचित कराया।

सड़क सुरक्षा एवं वोटर अवेयरनेस पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें विजेता समूह व छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयं सेविकाओं को बधाई देते हुए विशेष शिविर के समापन की घोषणा की। साथ ही स्वयं सेविकाओं को भविष्य में भी सामाजिक कार्यों को करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिविर के अतिरिक्त भी एनएसएस स्वयंसेविकाओं को सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का ध्येय बना लेना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा ने सात दिवस में किए गए कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा वार्ष्णेय ने किया। अंत में डॉ. रचना नागर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सर्व समाज महोत्सव आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सर्व हिंदू समाज की ओर से हसनपुरा के तलाई वाले वीर हनुमान जी का मंदिर में वसंत पंचमी की पुरुष संध्या पर सर्व समाज महोत्सव का विशाल आयोजन किया गया। समरसता , सौहार्द और आपसी एकता का संदेश देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में हर समाज के लोगों की भागीदारी रही। गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज और संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा थे। उन्होंने राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। स्थानीय लोगों ने गोपाल शर्मा का माल्यार्पण और साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर गोपाल शर्मा ने कहा कि आज भगवान श्री राम की कृपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बहुत तेज गति से बढ़ रहा है। भगवान राम की कृपा से जहां देश में सुख,शांति का वातावरण है वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों से कतर में फांसी की सजा प्राप्त नौ सैनिकों की सकुशल रिहाई संभव हो सकी। गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, विधायक गोपाल शर्मा ने विभिन्न समाजों के 75 लोगों को समाज गौरव सम्मान प्रदान किया। हसनपुरा इलाके के सभी मंदिरों के पुजारियों का भी सम्मान किया गया। भक्तिमय माहौल में संत अमरनाथ महाराज ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। भजन गायक और संगीतकार चेतन काला, महेन्द्र राणा,रुप सिंह, दिनेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, भूपेंद्र, नरेंद्र ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। भगवान श्री राम के गगनभेदी जयकारों के बीच आसमान में फहरती भगवा ध्वज के तले वर मुद्रा में वीर बजरंगी की आदमकद विशाल प्रतिमा, अयोध्या के राम लला, राम दरबार की मनोरम छवि जहां श्रद्धा और भक्ति की हिलोरे पैदा कर रही थीं वहीं लोक देवता भगवान वीर तेजाजी, भगवान देवनारायण जी, भगवान बाबा रामदेव जी, और भगवान गोगाजी की झांकी समरसता का संदेश दे रही थी। मुख्य मंच पर डॉ बी आर अंबेडकर , महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, राजा राममोहन राय, महाराजा सूरजमल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों के चित्र आयोजन को गरिमा प्रदान कर रहे थे। धर्म और समाज की विभूतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आदमकद चित्र उनकी प्रत्यक्ष अनुभूति करवा रहा था। कार्यकम के प्रति लोगों के उत्साह का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय लोगों ने अपने अपने घर पर भगवा ध्वज फहराए। कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी, भाजपा शांतिनगर मंडल वार्ड 40 की कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रीति सक्सेना ने किया।